## उस्ताद जाकिर हुसैन की हालत नाजुक

**नई दिल्ली।** मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। इसके कुछ देर बाद ही उनके निधन की खबर भी सामने आई थी, जो अफवाह निकली। उस्ताद जाकिर हुसैन के भतीजे आमीर औलिया ने दावा किया है कि उनके चाचा जाकिर हुसैन जीवित हैं। सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट में उन्होंने लिखा- हम समाचार मीडिया से अनुरोध करेंगे कि वे गलत सूचना पोस्ट न करें। हम प्रार्थना करते हैं और हम सभी उनके लिए दुआ करें। अपने दूसरे पोस्ट में आमीर औलिया ने लिखा- मैं जाकिर हुसैन का भतीजा हूं और उनका निधन नहीं हुआ है। हम अपने चाचा के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं।






# पिता और भाई की हत्या, नक्सल पीड़ित परिवार के युवाओं ने पहनी पुलिस की वर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांवों में लाल आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। नक्सली ग्रामीणों को पुलिस मुखबिर बताकर हत्या कर रहे हैं। शासन ने संभाग के 300 आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं 18 नक्सल पीड़ितों को सहायक आरक्षक नियुक्त किया है, जो बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ी के रूप में शामिल हुए। हरिभूमि ने कुछ नक्सल पीड़ित युवाओं से चर्चा की। बीजापुर जिले के गंगालूर में वर्ष 2006 में लच्छू हेमला को नक्सलियों ने टंगिया से मारकर हत्या की थी, जिसके बाद मृतक का परिवार सलवा जुड़ूम शिविर में आश्रय लिया। लच्छू के पुत्र संतोष को शासन ने दो महीने पहले ही सहायक आरक्षक पद पर नियुक्त किया है। संतोष ने बताया कि गांव में पिता के निर्दोष होने के बाद भी नक्सलियों ने हत्या की, जिससे मां के साथ गांव छोड़ दिया और जिला मुख्यालय बीजापुर में रहने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नक्सल पीड़ित शामिल हुए ओलंपिक गेम्स में, हरिभूमि से साझा किया अपना दर्द





### नक्सलियों ने मारी गोली

सुकमा जिले के दोरनापाल थाना क्षेत्र के युवा नक्सल पीड़ित खिलाड़ी ने बताया कि वर्ष 2013 में नक्सलियों ने गांव में पहुंच कर पुलिस मुखबिर के आरोप में बाएं हाथ एवं दाएं पैर में गोली मारी, जिससे मैं दिव्यांग हो गया। शासन ने पुलिस में नियुक्त दी और चलने के लिए ट्राइसिकल दिया है।

### आईडी ब्लॉस्ट से पैर से हुआ खराब

पामेड़ निवासी पोड़यामी मुन्ना ने बताया कि एसपीओ रहते समय वर्ष 2010 में नक्सल मुव्हमेंट के दौरान जंगल में आईडी ब्लॉस्ट हुआ, जिससे बायां पैर खराब हो गया। शासन ने सहायक आरक्षक बनाया है वर्तमान में दोरनापाल थाना में पदस्थ हूं। आने-जाने के लिए ट्राइसिकल मिला है। बस्तर ओलंपिक में खिलाड़ी के रूप में आया हूं।

**ओलंपिक खेलों के समापन में हुए शामिल, कहा- बस्तर बदल रहा है, मार्च 2026 के ओलंपिक में कहूंगा बदल चुका है**

# बस्तर में केंद्रीय मंत्री शाह की नक्सलियों को ललकार, सरेंडर करो या फिर होगा खात्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शहर के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में नक्सलियों को ललकारते हुए कहा कि सरेंडर कर मुख्यधारा में शामिल हो जाओ अन्यथा नक्सल समस्या के खात्मा के लिए फोर्स तैयार है। अपने भाषण में पूर्व कांग्रेस सरकार पर हमला करते उन्होंने कहा कि उनके समय नक्सल समस्या में काफी वृद्धि हुई, लेकिन अब खून खराबा बस्तर में नहीं चलेगा।

बस्तर ओलंपिक के समापन में आया हूं, आज बस्तर बदल रहा है, लेकिन आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं 2026 के बस्तर ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में आऊंगा और कहूंगा कि बस्तर बदल चुका है। बस्तर ओलंपिक केवल 1 लाख 65 हजार लोगों की खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समूचे बस्तर के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### प्रतियोगिता का देखा फाइनल मुकाबला

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समापन सत्र के दौरान नुवा बाट के व्हीलचेयर रेस, रिले रेस, रस्साकसी सहित अन्य प्रतिस्पर्धाओं का फाइनल मुकाबला देखा। साथ ही बस्तर अंचल के प्रसिद्ध नृत्य, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखी। कार्यक्रम में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने बस्तर ओलंपिक के विजेताओं यूथ आइकॉन को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान बस्तर ओलंपिक 2024 के विधिवत घोषणा की गई और ध्वज मुख्य अतिथि को सौपा गया।



### एक साल में विकास की नई इबारत

अमित शाह ने कहा कि नक्सली हिंसा से प्रभावित दिव्यांगों की जो आज व्हीलचेयर रेस हुई है, यह बस्तर के विकास की रेस है। उन्होंने कहा ▶▶| शेष पेज 4 पर



### जीतता वही है जो हार नहीं मानता

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आज मैने नुवा बाट दस्ते की प्रतिभा को देखा और मेरा मन संवेदना से भर गया। ये नुवा बाट खिलाड़ियों का दस्ता देश के लिए उम्मीद की नई किरण है। उन्होंने बस्तर के युवाओं से कहा कि हार मानने वाला कभी नहीं जीतता बल्कि जीतता वो है जो कभी हार नहीं मानता। मुझे पूरा विश्वास है कि 2026 के ओलंपिक में जब बस्तर की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### युवाओं की छुपी प्रतिभा नजर आई



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेकर प्रतिभागियों को ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक का यह आयोजन केवल खेल नहीं है, बल्कि बस्तर की संस्कृति, उत्साह और प्रतिभा का उत्सव है। यह आयोजन एक संदेश देता है कि बस्तर का असली चेहरा इसकी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता है न कि माओवादी हिंसा। मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि बस्तर ओलंपिक के माध्यम से हमने इस अंचल के युवाओं की ऊर्जा को खेल के माध्यम से एक सकारात्मक दिशा देने में सफल रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से हमने न केवल बस्तर के युवाओं की छुपी प्रतिभा को देखा, बल्कि उन आत्मसमर्पित भाइयों और बहनों की प्रतिभा को भी देखा, जिन्होंने हिंसा की माओवादी विचारधारा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से अनुपूरक भी होगा पेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन वर्ष 2024-25 का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। साथ ही कुछ अध्यादेश पेश किए जाएंगे और ध्यानाकर्षण भी होगा। इस सत्र में नए विधायक सुनील सोनी भी नजर आएंगे, जो हाल ही में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने हैं। सत्र की कार्यसूची ▶▶| शेष पेज 4 पर

# सोसाइटियों से धान नहीं उठाया, सरकार सख्त आधा दर्जन राइस मिलों पर छापे, दो सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सोसाइटियों में धान खरीदी के बाद संग्रहण केंद्रों से धान के उठाव को लेकर राइस मिलर्स की आनाकानी से सरकार सख्त नजर आ रही है। रविवार को शासन के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने रायपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद और राजनांदगांव जिले में स्थित राइस मिलों में धावा बोला और पड़ताल की। रायपुर जिले की पांच राइस मिलों पर छापा मारा गया। अनियमितता पाई जाने पर दो मिलों को सील कर दिया गया। ▶▶| शेष पेज 4 पर








### दो राइस मिलों पर छापा, चावल और धान का स्टॉक जब्त

**बिलासपुर।** जिले में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग प्रक्रिया में गड़बड़ियों को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। रविवार को बिल्हा और पंधी में स्थित दो राइस मिलों, श्री हनुमान राइस मिल और एसडी राइस मिल पर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में प्रशासन ने दोनों मिलों में रखे चावल और धान के बड़े स्टॉक को जब्त कर लिया है।

### रायपुर में यहां दबिश

रायपुर की आरटी राइस इंटरप्राइजेस और गौरी राइस मिल, बंगोली की जीडी. राइस मिल, ओम एग्रोटेक सिर्री और खरोरा की एएनबी राइस मिल में धावा बोला गया। इस दौरान इन राइस मिलों में अनियमितता पाये जाने पर सीलबंद की कार्रवाई की गई। ओम राइस मिल द्वारा ▶▶| शेष पेज 4 पर






**महिला प्रीमियर लीग : कुल 9.05 करोड़ रुपए खर्च**

# 16 साल की कमलिनी बनी करोड़पति पांच टीमों ने खरीदे 19 खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 सीजन के लिए ऑक्शन खत्म हो गई है। बेंगलुरु में रविवार को हुई नीलामी में 22 साल की मिडिल ऑर्डर बैटर सिमरन शेख सबसे महंगी प्लेयर रहीं। उन्हें गुजरात टीम ने 1.9 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा। 16 साल की विकेटकीपर कमलिनी को मुंबई इंडियंस ने 1.6 करोड़ में खरीदा। इसमें 5 टीमों ने मिलकर कुल 19 खिलाड़ी खरीदे, जिन पर कुल 9.05 करोड़ रुपए लुटाए। इस बार नीलामी में कुल 120 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इन पर 5 फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, यूपी वॉरियर्ज, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दांव लगाया। ▶▶| शेष पेज 4 पर



### 4 खिलाड़ी बनीं करोड़पति

इस बार ऑक्शन में 4 खिलाड़ियों की बोली एक करोड़ रुपए से ऊपर गई है। दूसरी सबसे महंगी वेस्टइंडीज की डिंड्रा डॉटिन रहीं। उन्हें भी गुजरात ने 1.7 करोड़ रुपए में खरीदा। डिंड्रा फास्ट बॉलिंग ▶▶| शेष पेज 4 पर





HERE SUCCESS IS A HABIT!
TOTAL NO. OF SELECTIONS 35/49
Mentor: Nitin K Namdeo
ATTENTION ALL ASPIRANTS !
सिविल में जज 200+ से ज्यादा और
ADPO में 150+ से ज्यादा चयन देने वाली संस्थान
छत्तीसगढ सिविल जज 2023 टॉप 20 में से टॉप 11
चाणक्य लॉ एकेडमी से...
CONGRATULATIONS ALL ACHIVERS OF 2023
(CLASSROOM / TEST SERIES / INTERVIEW PROGRAM)
1st Rank SHWETA DIWAN
2nd Rank MAHIMA SHARMA INTERVIEW
3rd Rank NIKHIL SAHU
5th Rank AYUSHI SHUKLA (Test series/interview)
8th Rank AARTI DHRUW
11th Rank Sharda Sharma INTERVIEW
13th Rank Aditya Jain INTERVIEW
15th Rank Manisha Dushyani INTERVIEW
16th Rank Kshitij Nawarang
18th Rank Himanshu Panda
20th Rank Suraj Rana INTERVIEW
22nd Rank Himanshu Chandrakar
24th Rank Sumit Ku. Nayak
25th Rank Pooja Patel
28th Rank Aayush Tamrakar INTERVIEW
29th Rank Tushar Barik
30th Rank Bhoomika Dhruw
31st Rank Poonam Nashine
33rd Rank Atnu Prasad TEST SERIES
34th Rank Noel Panna
35th Rank Shreya Tulavi INTERVIEW
36th Rank Harish Ku. Salame
37th Rank Nishi Bara
38th Rank Sumita Rani
39th Rank Neha Tirkey
40th Rank Mayank Dhruw
41th Rank Jitendra Ku. Sonwani INTERVIEW
42th Rank Salma Lakra
43rd Rank Riya Ganvir TEST SERIES
44th Rank Vandana Mandavi
45th Rank Reema Lakra
46th Rank Sajal Jain (Mentorship Program)
47th Rank Seema Netam
48th Rank Chandra Kiran Mankar (Test series/interview)
49th Rank Jagriti Dhruw
ADMISSION OPEN FOR
CIVIL JUDGE ADPO CLAT
TOTAL NO. OF SELECTIONS 31/48
ALL ACHIVERS OF 22
1st Rank EESHANEE AWADHIYA
03rd Rank Mansi Bist (Test Series)
04th Rank Muskan Sharma
06th Rank Himanshi Sarraf
08th Rank Riddhi Burad
09th Rank Shruti Sahu
10th Rank Riya Chakravorty
11th Rank Santosh Ku. Yadav
13th Rank Om Chauhan
14th Rank Pranav Vaidya
17th Rank Puneet Xalxo
18th Rank Siddharth Dewangan
20th Rank Vaishali Baghel
22th Rank Heera Sinha
23rd Rank Lov Kumar Lahare
24th Rank Cholukya Yadav
25th Rank Sagar Chandrakar
26th Rank Suniti Netam
27th Rank Mala Yadav
28th Rank Narayni Kachhap
31th Rank Shraddha Bhagat
32th Rank Angel Vamico Tigga
33rd Rank Pragati Gurde
35th Rank Pankaj sharma
37th Rank Ruchika Maheshwari
38th Rank Akansha Singh
39th Rank Suhasini Thakur
43th Rank Devashish Tigga
44th Rank Geetanjali Kashyap
45th Rank Varsha Gurde
48th Rank Preeti Paliwal
Address :
Rathi Tower
Near Vivekanand Eye Hospital
Infront of Vivekanand Sarovar (Budha Talab),
Main Road, Bramhpuri, Raipur (C.G.)
chanakyaalawacademy@gmail.com,
www.chanakyaalawacademy.com
THE CHANAKYAA ®
LAW ACADEMY RAIPUR
A UNIT OF NAMDEO STUDY CIRCLE LLP
CONTACT FOR REGISTRATION
0771-4022004
92013-12345
STUDENT HELPLINE NO.:
79093-89999
Khanna

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## राजधानी रायपुर में कड़ाके की ठंड

राजधानी रायपुर में भी तापमान दो डिग्री नीचे होने की वजह से कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक ठंड का तेज प्रभाव अगले चौबीस घंटे तक रहने की संभावना है। इसके बाद हवा की दिशा में बदलाव आने से तापमान में गिरावट रुकने की संभावना है। वर्तमान में समूचा उत्तरी क्षेत्र शीतलहर की चपेट में है। यहां रात का तापमान दो से चार डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि सीमावर्ती इलाकों में तो पेड़-पौधे पर पाला जमने लगा है। इसके अलावा बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इन क्षेत्रों में भी रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। अगले चौबीस घंटे कई इलाकों में शीतलहर का अलर्ट है। इसके बाद हवा की दिशा में बदलाव से हल्के बादल आने और बस्तर में कुछ स्थानों में 17-18 दिसंबर को हल्की बारिश होने के आसार भी हैं।

# मैनपाट का पारा पहुंचा 2 डिग्री पर, जमने लगीं ओस की बूंदें

**तीन दिनों से सरगुजा में शीतलहर का प्रकोप, रायपुर-दुर्ग और बिलासपुर में भी बढ़ी ठिठुरन**

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/अंबिकापुर

पिछले तीन दिन से शीतलहर से जूझ रहे सरगुजा संभाग के लोगों को आगामी 24 घंटे तक भीषण ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने सोमवार को भी शीत लहर का प्रभाव रहने की चेतावनी जारी की है। मैनपाट में तापमान का पारा 2 डिग्री पर पहुंच चुका है। यहां पर्यटकों की संख्या में बढ़ने लगी है। बलरामपुर का पारा दो दिनों से 2.9 डिग्री पर स्थित है। मौसम विज्ञानी जम्मू-कश्मीर में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आसमान पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अलाव बना सहारा

पठारी क्षेत्र मैनपाट, सामरीपाट, लहसून पाट सहित सरगुजा के पठारी क्षेत्रों में निवासरत लोगों का ठंड से बुरा हाल है। पठारी क्षेत्रों में दिन में उत्तर की तेज रफ्तार हवाएं चलने के कारण दिन में भी ठंड से राहत नहीं मिल रही है। लोग ठंड से बचने दिन में भी अलाव का सहारा ले रहे हैं। अपराह्न 3 बजते ही लोग अपने घरों में कैद हो जा रहे हैं तथा अलाव तापकर समय गुजार रहे हैं।

## यूपी में ठंड का 20 साल का रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में ठंड कहर बरपा रही है। उत्तर प्रदेश में 20 साल का रिकॉर्ड टूट गया। जम्मू-कश्मीर के जोजिला में तापमान माइनस 22 डिग्री चला गया है। वहीं, ओडिशा के मयूरभंज में तापमान -10 डिग्री तक पहुंच गया। उत्तर भारत के राज्य भीषण ठंड और शीतलहरी की चपेट में हैं। उत्तरप्रदेश में दिसंबर के दूसरे सप्ताह से ही कोल्डवेव चल रही है। ठंड के कारण चित्रकूट में एक किसान की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार अमूमन यहां तीसरे या चौथे सप्ताह में शीतलहर चलती है, लेकिन इस बार ट्रेंड बदला हुआ नजर आ रहा है। बिहार-हरियाणा समेत 14 राज्यों में कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

### ओडिशा में तापमान -10 डिग्री, मप्र में 1.5 पहुंचा पारा

ओडिशा और मध्य प्रदेश भी अछूते नहीं हैं। ठंड और शीतलहर के कारण मयूरभंज (ओडिशा) में तापमान -10 डिग्री तक पहुंच गया। यहां पेड़ के पत्तों पर ओस की बूंद जमने लगी है। मध्य प्रदेश की बात करें तो सबसे कम तापमान शहडोल में 1.5 डिग्री दर्ज किया गया।

### कश्मीर के जोजिला में तापमान माइनस 22 डिग्री

जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस में चला गया है। बर्फबारी के कारण यहां न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। जोजिला में टेम्परेचर माइनस 22 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीनगर में माइनस 3.4 डिग्री, पहलगाम में माइनस 4.0 डिग्री है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**महायुति में नहीं सब ऑल इज वेल, एक ओर शपथ, दूसरी ओर बड़े नेता का इस्तीफा**

# महाराष्ट्र में 39 मंत्रियों ने ली शपथ
# सिर्फ ढाई साल रहेगा कार्यकाल!

**किसे कितने मंत्री पद**

| दल | पद |
|---|---|
| भाजपा | 19 |
| शिवसेना (शिंदे) | 11 |
| राकांपा (अजित) | 09 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इस्तीफे से पहले शिवसेना के डिप्टी लीडर नरेंद्र भोंडेकर ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक चिट्ठी लिखी है। नरेंद्र भोंडेकर के अनुसार उनकी मेहनत और समर्पण को तरजीह नहीं दी गई। महाराष्ट्र में भाजपा नीत 'महायुति' गठबंधन मंत्रिपरिषद का रविवार को नागपुर में विस्तार किया गया, जिसमें 39 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद में सदस्यों की संख्या 42 हो गई है। मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा को 19 मंत्री पद मिले, एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 11 और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9 मंत्री पद मिले। तैंतीस विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि छह ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यपाल पी सी राधाकृष्णन ने 16 से 21 दिसंबर तक नागपुर में आयोजित होने वाले राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर एक समारोह में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी मौजूद थे, जिन्होंने पांच दिसंबर को मुंबई में शपथ ली थी। नए मंत्रिपरिषद में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार भी शामिल हैं। बीस नवंबर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे।

*महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। ऐसी चर्चा है कि मंत्रियों का कार्यकाल ढाई साल का होगा। इस बीच, शपथग्रहण से पहले ही शिवसेना के डिप्टी लीडर नरेंद्र भोंडेकर ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है। इसी को लेकर वह नाराज चल रहे थे।*

### 16 से विशेष सत्र

नागपुर में महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। यह सत्र 16 से 21 दिसंबर तक चलेगा। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। वहीं मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार को भी मंत्री बनाया गया है। बीजेपी की ओर से पंकजा मुंडे, गिरीश महाजन और मंगल प्रभात लोढ़ा को भी मंत्री बनाया गया है।

**33** विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में ली शपथ

**06** विधायकों ने राज्य मंत्री के रूप में ली शपथ



इन नेताओं ने मंत्रिपद की शपथ ली

मंत्री पद की शपथ लेने वालों में चंद्रशेखर बावनकुले -बीजेपी, राधाकृष्ण पाटिल-बीजेपी, हसन मुश्रीफ- एनसीपी, चंद्रकांत पाटिल-बीजेपी, गिरीश महाजन- बीजेपी, गुलाबराव पाटिल- शिवसेना, गणेश नाइक- शिवसेना, दादा भुसे- शिवसेना, संजय राठौड़- शिवसेना, धनंजय मुंडे- एनसीपी, मंगल प्रभात लोढ़ा- बीजेपी, उदय सामंत- शिवसेना, जयकुमार रावल- बीजेपी, पंकजा मुंडे- बीजेपी, अतुल सावे- बीजेपी और अशोक उइके- बीजेपी ने शपथ ली। इसके अलावा शंभूराज देसाई- शिवसेना, आशीष शेलार- बीजेपी, दत्तात्रय भरणे- शिवसेना, अदिति तटकरे- एनसीपी, शिवेंद्र राजे- बीजेपी, माणिकराव कोकाटे- एनसीपी, जयकुमार गोरे- बीजेपी, नरहरि झिरवाल- एनसीपी, संजय सावकारे- बीजेपी, संजय शिरसाट- शिवसेना, प्रताप सरनाइक- शिवसेना, भरत गोगावले- शिवसेना, मकरंद जाधव-पाटिल-एनसीपी और नितेश राणे- बीजेपी ने मंत्रिपद की शपथ ली। वहीं, आकाश फुंडकर बीजेपी, बाबासाहेब पाटिल-एनसीपी, प्रकाश अबितकर-शिवसेना, माधुरी मिसाल-बीजेपी, आशीष जयसवाल-शिवसेना, पंकज भोयर-बीजेपी, मेघना बोर्डिकर-बीजेपी, इंद्रनील नाइक-एनसीपी और योगेश कदम-शिवसेना ने शपथ ली।

### मंत्रियों से शपथपत्र लेने की भी चर्चा

सूत्रों के हवाले से जानकारी मिल रही है कि देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों का कार्यकाल सिर्फ ढाई साल का होगा। शिवसेना और एनसीपी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कई मंत्रियों से बाकायदा एफिडेविट भी लिखाया गया है। इसके पीछे की मंशा यह है कि ढाई साल के बाद और विधायकों को मंत्री पद का मौका मिलेगा। इसमें ढाई साल के भीतर कार्यकुशलता और विकास परियोजनाओं को भी परखा जाएगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि कई ऐसे विधायक हैं, जो दो से तीन बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। उनकी नाराजगी को दूर करने के लिए ढाई साल का फॉर्मूला रखा जा सकता है।

### दो दिनों में विभागों का बंटवारा

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मंत्रियों के विभागों के बंटवारे अगले दो दिनों में हो जाएगा। बता दें कि पहले से ही विभागों के बंटवारे को लेकर महायुति के घटक दल भाजपा, शिवसेना और एनसीपी में खींचतान चल रही है।

### भाई-बहन बने कैबिनेट मंत्री

मंत्रिमंडल में भाई-बहन कैबिनेट मंत्री बने हैं। ये भाई-बहन एक समय में एक-दूसरे के कट्टर राजनीतिक विरोधी थे। एक का नाम पंकजा मुंडे हैं जबकि दूसरे का नाम धनंजय मुंडे है। उन्होंने राजनीति में एक-दूसरे को मात देने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

## पटरी पर आए आठ शेर ट्रेन की चपेट में आने से बचे



एजेंसी ▶▶ भावनगर

गुजरात के भावनगर में एक मालगाड़ी और एक यात्री ट्रेन के लोको पायलट के सतर्क रहने के कारण आठ शेरों की जान बच गई। उन्होंने समय रहते ब्रेक लगाकर इसे रोक दिया। ये सभी शेर पिछले दो दिनों में गुजरात के भावनगर जिले में रेलवे पटरियों पर आ गए थे। भावनगर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक माशूक अहमद ने बताया कि पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल के लोको पायलटों की सतर्कता और वन विभाग के ट्रैकर्स की मदद से इस वित्तीय वर्ष में अब तक 104 शेरों को बचाया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को हापा से पीपावाव बंदरगाह की ओर जा रही मालगाड़ी चला रहे लोको पायलट धवलभाई पी ने राजुला शहर के पास पांच शेरों को रेल पटरी पार करते देखा। इसमें कहा गया है कि सतर्क लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने और शेरों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वन रक्षक के मौके पर पहुंचने और सभी स्थितियां सामान्य पाए जाने के बाद ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई।

■ लोको पायलट की सतर्कता ने बची जान

### शेरनी और उसके दो बच्चे

शुक्रवार को यात्री ट्रेन चला रहे लोको पायलट सुनील पंडित ने चलाला-धारी खंड में दो बच्चों के साथ एक शेरनी को रेल की पटरी पार करते देखा और आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। सूचना मिलने पर एक वन रक्षक मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि शेर रेल पटरी से दूर चले गए हैं। जब सभी स्थितियां सामान्य पाई गईं, तो वन रक्षक ने लोको पायलट को रवाना होने के लिए कहा।

## खबर संक्षेप

### एलओसी पर ड्रग्स के साथ पाक ड्रोन जब्त

**जम्मू।** बीएसएफ ने यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास करीब आधा किलोग्राम उच्च श्रेणी का मादक पदार्थ ले जा रहे पाकिस्तानी ड्रोन को जब्त किया। ड्रोन सीमा पार से भारत में घुसा था। शनिवार देर रात अरनिया सेक्टर में चिनाज सीमा चौकी क्षेत्र से इसे जब्त किया गया। जवानों ने शनिवार रात आठ बजकर 10 मिनट पर पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया।




### बस से टकरा गई कार दंपति समेत 4 की मौत

**पथनमथिट्टा।** केरल के पथनमथिट्टा जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस से रविवार सुबह कार टकरा गई। इससे कार सवार नवविवाहित दंपति सहित परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे पुनालुर-मुवत्तुपुझा राज्य राजमार्ग पर हुई।




### सब्जियों पर थूका, आरोपी सब्जी विक्रेता पर केस

**बुलंदशहर।** अनूपशहर पुलिस ने एक सब्जी विक्रेता का कथित तौर पर सब्जियों पर थूकने का वीडियो सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सार्वजनिक हुआ है। इसमें यह देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति सब्जी की दुकान पर बैठा हुआ है और सब्जियों पर थूक रहा है।



### 2.57 करोड़ का जाली नोट जब्त, चार गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात के सूरत में 2.57 करोड़ रुपए मूल्य के जाली नोट जब्त किए गए। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चारों आरोपी महाराष्ट्र के अहिल्यानगर के निवासी हैं। सरोली में जब चारों आरोपी तीन बैग लेकर पैदल जा रहे थे, तो एक जांच चौकी पर उन्हें पकड़ लिया गया।




### रेलगाड़ी में लूट के पांचों आरोपी धरे गए

**ऋषिकेश।** हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच सवारी रेलगाड़ी में हथियार का भय दिखाकर की गई लूटपाट के पांचों आरोपियों को जीआरपी की हरिद्वार इकाई ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अंश शर्मा, दीपक शर्मा, प्रदीप पाल, विवेक भाटी एवं सागर शामिल हैं।



**काम से लौटते वक्त हत्या**

## मणिपुर में फिर हिंसा, बिहार के दो मजदूरों को मारी गोली



एजेंसी ▶▶ पटना

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हालिया घटना में उपद्रवियों ने बिहार के दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी है। वारदात काकचिंग जिले की बताई जा रही है। दोनों प्रवासी मजदूरों की जान लेने वाले हमलावरों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

पुलिस के मुताबिक दोनों मजदूर काकचिंग जिले के केइराक में कंस्ट्रक्शन का काम करके लौट रहे थे। काकचिंग पुलिस ने बताया है कि घटना पंचायत कार्यालय के पास हुई है। मृतकों की पहचान सुनालाल कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) पुत्र मोहन सानी के रूप में हुई है। दोनों गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो यादवपुर थाने के अंतर्गत आता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अब तक हत्या का मकसद पता नहीं चल सका है।

### साइकिल से घर लौट रहे थे दोनों

काकचिंग पुलिस के अनुसार दोनों मजदूर साइकिल से अपने किराए के घर की तरफ लौट रहे थे। इस दौरान बंदूकधारियों ने उन्हें गोली मार दी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को स्थानीय जीवन अस्पताल ले गई, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मणिपुर में कैसे हुई हिंसा की शुरुआत?

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में पिछले साल 3 मई को तब हिंसा भड़क गई थी, जब कुकी समुदाय की ओर से 'आदिवासी एकता मार्च' निकाला जा रहा था। ये मार्च चुरचांदपुर के तोरबंग इलाके से निकल रहा था। ये मार्च मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के खिलाफ निकाला जा रहा था। इसी दौरान कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। तब से ही वहां हालात तनावपूर्ण हैं।

### नीतीश ने पीड़ित परिवारों को दिए दो-दो लाख

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। सीएम ने पीड़ित परिवारों के लिए दो-दो लाख की सहायता राशि की घोषणा की है। सीएम ने उनके शवों को मणिपुर से घर तक पहुंचाने का आदेश अधिकारियों को दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नीतीश कुमार ने अपने संदेश प्रेषित किया है। उन्होंने कहा है कि मणिपुर में उपद्रवी हिंसा में बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले लक्ष्मण कुमार जी और दशरथ कुमार जी की हत्या से मर्माहत हूं।

## 'ब्रेन डेड' युवक से छह को मिलेगा जीवनदान

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में एक 'ब्रेन डेड' युवक के विभिन्न अंगों से कम से कम छह लोगों को नया जीवन मिलने जा रहा है। युवक के महत्वपूर्ण अंगों को रविवार को झालावाड़ से हेलीकॉप्टर के जरिए जोधपुर और जयपुर लाया गया। राज्य में शायद यह पहली बार है, जब जयपुर और जोधपुर में प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए अंगों को हेलीकॉप्टर से लाया गया। झालावाड़ जिले के मानपुरा पीपाजी निवासी विष्णु प्रसाद (33) 10 दिसंबर को हाथापाई में घायल हो गए थे।

■ हेलीकॉप्टर से लाया गया जयपुर

### घायल हो गए थे विष्णु प्रसाद

झालावाड़ जिले के मानपुरा पीपाजी निवासी विष्णु प्रसाद (33) 10 दिसंबर को हाथापाई में घायल हो गए थे। झालावाड़ में न्यूरोसर्जन डॉ. रामसेवक योगी ने बताया कि विष्णु प्रसाद को घायल अवस्था में उपचार के लिए 11 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।

## छत्तीसगढ़ में बदली कुलपति चयन प्रक्रिया, अब प्रेजेंटेशन अनिवार्य, दुर्ग विवि में रिकॉर्ड 62 अर्जियां

■ उद्यानिकी विवि से हुई बदलाव की शुरुआत, अगला नंबर दुर्ग विवि का

■ यूजीसी के नियमों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बदली गई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में कुलपति चयन की प्रक्रिया में लंबे समय के बाद बदलाव किया गया है। उद्यानिकी विवि में बदलाव के साथ इसकी शुरुआत हुई है। अब कुलपति पद के दावेदारों को चयन के पूर्व प्रस्तुति देना अनिवार्य होगा। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, उद्यानिकी विवि के बाद शीघ्र ही दुर्ग विवि में कुलपति पद के उम्मीदवारों को भी खत भेजे जाने की तैयारी है। उन्हें भी उद्यानिकी विवि के उम्मीदवारों की तर्ज पर प्रस्तुतिकरण ▶▶ शेष पेज 4 पर




### सामान्यतः 35 से 40 आवेदन

दुर्ग विवि में इस बार कुलपति पद के 62 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सामान्यतः किसी भी विश्वविद्यालय में कुलपति पद के लिए आवेदन संख्या 35 से 40 के मध्य ही होती है। जानकारों के मुताबिक, प्रदेश में अधिकतम संख्या भी 50 तक ही रही है। दुर्ग विवि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यहां भी खाली हैं पद

उद्यानिकी विवि को माहांत तक नया कुलपति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा दुर्ग विवि को भी जनवरी अंत तक नया कुलपति मिलने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा जहां पद रिक्त हैं, उनमें सीएसवीटीयू और खैरागढ़ संगीत विवि भी शामिल है। दोनों ही विश्वविद्यालयों में कुलपति पद के लिए आवेदन मंगाए जा चुके हैं। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में कुलपति पद का कार्यभार फिलहाल पं.रविशंकर शुक्ल विवि के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला संभाल रहे हैं। इसी तरह से खैरागढ़ विवि का पद वहां के संभागायुक्त को दिया गया है।

**एआई इंजीनियर की मौत को लेकर कई सवाल**

## अतुल के पिता का छलका दर्द, कहा- काश 2021 में समझौता हो गया होता, तो बेटा जिंदा होता..!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/बेंगलुरु

बेंगलुरु पुलिस ने एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में उनकी पत्नी, सास और साले को अदालत में पेश किया। अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस बीच, अतुल के पिता का दर्द छलक आया। अतुल के पिता पवन मोदी ने कहा कि काश अतुल और निकिता के वैवाहिक जीवन में विवाद साल 2021 में ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बहू ने कहा था- 20 लाख दो, तलाक ले लो

अतुल के पिता ने बताया कि उनकी बहू निकिता द्वारा लिखी गई चीजों की लिस्ट अभी भी मेरे बैग में है। समझौते में बैठे लोगों ने इसकी कीमत 20 लाख रुपए लगाई थी।



**गुरुग्राम से पत्नी, सास प्रयागराज से गिरफ्तार:** बेंगलुरु पुलिस ने अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया को गुरुग्राम से तथा निकिता की मां निशा सिंघानिया और उसके भाई अनुराग सिंघानिया को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। प्रयागराज पुलिस ने दावा किया कि बेंगलुरु पुलिस ने उन्हें निशा सिंघानिया और अनुराग सिंघानिया की गिरफ्तारी के बारे में सूचना नहीं दी है।

### गृहमंत्री बोले- कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि सुभाष की पत्नी, सास और साले को गिरफ्तार कर लिया गया है और वे न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी रहेगी। परमेश्वर ने कहा, उसने (सुभाष ने) एक सुसाइड नोट छोड़ा है और उसने कई मुद्दे उठाए हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग है।

## दाऊद इब्राहिम के करीबी पर कसा शिकंजा

**मुंबई।** पुलिस ने ड्रग ऑपरेशन मामले में गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के सहयोगी दानिश मर्चेंट उर्फ दानिश चिकना को गिरफ्तार किया है। मर्चेंट के सहयोगी कादर गुलाम शेख की भी गिरफ्तारी हुई है। दानिश मर्चेंट की डोंगरी में एक अवैध ड्रग यूनिट है, जो दाऊद इब्राहिम से जुड़ी हुई है। पिछले महीने 2 व्यक्तियों मोहम्मद आशिकुर सहीदुर रहमान और रेहान शकील अंसारी की गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद से मर्चेंट की तलाश की जा रही थी। पिछले महीने 8 नवंबर को आरोपी अशिकुर को मरीन लाइन स्टेशन इलाके से अरेस्ट किया गया। उसके पास से 144 ग्राम ड्रग बरामद की गई।

## चिंतन

# ईवीएम की प्रमाणिकता पर रोना बंद करें पार्टियां

कांग्रेस को अपनी सियासत के एजेंडे की समीक्षा करनी चाहिए। सत्ता पाना ही राजनीति का ध्येय नहीं होना चाहिए। देश के लिए राजनीतिक प्रगतिशीलता आवश्यक है। ऐसा माना जाता है कि देश की राजनीति जितनी अधिक दूरदर्शी होगी, राष्ट्र उतनी ही उन्नति करेगा। दुर्भाग्य से कुछ वर्षों से कांग्रेस की राजनीति या तो ठहर सी गई है या फिजूल के मुद्दों पर केंद्रित हो गई है। कांग्रेस की राजनीति ईवीएम, जाति गणना, संविधान, अडाणी आदि ऐसे मुद्दों पर अटक गई है, जिससे आमजन का कोई सरोकार नहीं है। यही कारण है कि इन अनुत्पादक मुद्दों पर कांग्रेस नीत इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दल अलग राय रख रहे हैं। इंडिया ब्लॉक के सहयोगी व जम्मू-कश्मीर में गठबंधन के घटक नेशनल कान्फ्रेंस के नेता व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस से दो टूक कहा है कि कांग्रेस चुनाव परिणाम को स्वीकार कर ईवीएम पर रोना बंद करे। हाल के चुनाव परिणामों में महाराष्ट्र व हरियाणा में कांग्रेस व उसके गठबंधन एमवीए को हार मिली, जबकि जम्मू-कश्मीर व झारखंड में जीत मिली। लेकिन कांग्रेस हरियाणा व महाराष्ट्र में हार के लिए ईवीएम को दोष दे रही है। ठीक उसी समय जम्मू-कश्मीर व झारखंड में जीत को गठबंधन की जीत न मानकर क्रमशः नेशनल कॉन्फ्रेंस व झारखंड मुक्ति मोर्चा की विजय मान रही है। हार व जीत को निरपेक्ष भाव से स्वीकार न कर पाने के चलते कांग्रेस खुद को पराजित ही मान रही है। ईवीएम राग पर कांग्रेस को अपने सहयोगी उमर अब्दुल्ला की बात सुननी चाहिए। कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पार्टी की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर तीखी आपत्ति को खारिज करते हुए कहा है कि 'ऐसा नहीं हो सकता कि जब आप चुनाव जीतें तो परिणाम स्वीकार कर लें और जब हार जायें तो ईवीएम पर दोष मढ़ दें। जब इसी ईवीएम के इस्तेमाल से संसद में आपके सौ से अधिक सदस्य पहुंच जाते हैं और आप इसे अपनी पार्टी के लिए जीत का जश्न मनाते हैं, तो आप कुछ महीने बाद पलटकर यह नहीं कह सकते कि हमें ये ईवीएम स्वीकार नहीं हैं।' इससे पहले उमर ने सेंट्रल विस्टा (नया संसद भवन) के मुद्दे पर भी कांग्रेस के विरोध को यह कर खारिज कर दिया था कि कांग्रेस केवल विरोध के लिए नए संसद भवन का विरोध कर रही थी। विरोध में इतना अतिरेक था कि कई कांग्रेस नेता नए संसद भवन में प्रवेश न करने की कसमें खा रहे थे। आज सब सेंट्रल विस्टा जा रहे हैं। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट भविष्य की संसदीय जरूरतों को ध्यान में रखकर प्लान किया गया है। परिसीमन के बाद सांसदों की संख्या बढ़ेगी, पुराने संसद भवन की क्षमता कम है, इसलिए हमें नए संसद भवन की आवश्यकता थी ही। मोदी सरकार ने इससे पहले ही नया भवन तैयार कर दिया। कांग्रेस के हाय-तौबा का कोई मतलब नहीं था। कांग्रेस खुद सरकार में रहती तो नया संसद भवन बनाती। आज अडाणी मुद्दे पर भी इंडिया ब्लॉक के कई सहयोगी कांग्रेस के साथ नहीं हैं। ऐसे ही आज के यूथ को जाति-पाति से कोई मतलब नहीं है, ऐसे में जाति गणना के एजेंडे उन्हें नहीं लुभाते। राहुल गांधी जाति गणना पर अटके रहते हैं। अगर पार्टियों को मतदान तंत्र पर भरोसा नहीं है तो उन्हें चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। यदि कांग्रेस को ईवीएम से दिक्कत है, तो उसे लेकर उसका रुख एकसमान रहना चाहिए। जीत व हार दोनों में रुख एक हो। सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग ने ईवीएम की प्रमाणिकता को लेकर संदेह को निराधार पाया है। कांग्रेस को ईवीएम जैसे अटके मुद्दों से बाहर निकलकर जन सरोकार के मसलों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।


## विजय दिवस

रमेश शर्मा

# तेरह दिन में ही टूट गया था पाकिस्तान

पाकिस्तान कभी भारत का ही हिस्सा था। वहां रहने वाले लोग भी भारतीय पूर्वजों के वंशज हैं। फिर भी वे लोग दिन-रात भारत के विरुद्ध विष वमन और भारत को मिटाने का दंभ भरते हैं। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो अपने जन्म के बाद से ही नहीं, अपितु अपने गर्भकाल से जन्मदाता भारत की धरती पर रक्तपात का षड्यंत्र कर रहा है। पाकिस्तान के इन्हीं षड्यंत्रों का परिणाम था 1971 का युद्ध, जो भारत पर थोपा था। इसी युद्ध में जन्म हुआ था संसार में एक नये देश बांग्लादेश का। लेकिन यह विचारणीय है जिस भारत के जवानों के बलिदान से बांग्लादेशका जन्म हुआ था वही बंगलादेश, पाकिस्तान से मिलकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र कर रहा है। 1971 का वह युद्ध कुल तेरह दिन तक चला था। दुनिया के इतिहास में यह सबसे छोटा निर्णायक युद्ध माना जाता है। इस युद्ध समापन के साथ एक नये देश का उदय हुआ जो बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। बांग्लादेश की धरती भी कभी भारत भूभाग बंगाल प्रांत का अंग रही है। लेकिन 1947 में भारत की धरती के इस हिस्से ने भी भारत से अलग होकर पाकिस्तान का नाम स्वीकार कर लिया था और यह प्रक्षेत्र पूर्वी पाकिस्तान कहलाया। लेकिन भाषा को लेकर मतभेद पहले दिन से था। सल्तनत काल में चले बलपूर्वक धर्मांतरण अभियान में बंगाल के निवासियों की पूजा उपासना पद्धति तो बदल गई थी पर भाषा के प्रति लगाव कम न हुआ। बंगाली समाज ने अपना धर्म और राष्ट्रीयता बदलकर पाकिस्तानी नाम तो स्वीकार कर लिया था लेकिन अपनी मातृभाषा से लगाव न छोड़ा। वे चाहते थे कि उनकी भाषा बंगाली ही रहे। जबकि पाकिस्तानी शासक उनकी यह बंगाली पहचान भी बदलना चाहते थे। पाकिस्तान की सरकार बलपूर्वक उर्दू और अरबी का दबाव बना रहे थे। संघर्ष यहीं से शुरू हुआ। इसको लेकर 1948 से आंदोलन आरंभ हो गये थे, जिसका दमन पाकिस्तान की सरकार और सेना करती रही थी। 1970 आते-आते सैनिकों के जुर्म और बंगालियों का दमन और पलायन दोनों बढ़ गया। 25 मार्च 1971 को बंगला अभियान के नेता शेख मुजीबुर्रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसका भारत ने विरोध जताया और मुक्ति वाहनी को नैतिक समर्थन देने की घोषणा भी कर दी। भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंदोलन को खुला समर्थन दिया और जो लोग भारत आ रहे थे उन्हे भी पर्याप्त संरक्षण दिया। पाकिस्तान ने अपनी समस्या का ठीकरा भारत के सिर फोड़ा और दुनिया में यह प्रचार किया कि भारत अशांति फैला रहा है। इन तमाम कारणों से आरंभ हुए युद्ध की तिथि भले तीन दिसम्बर 1971 मानी जाती हो पर पाकिस्तान ने अपनी ओर से यह युद्ध 25 नवम्बर 1971 को ही आरंभ कर दिया था जब लाहौर में ऐसी ही 'क्रश इंडिया' रैली को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भुट्टो ने बाकायदा युद्ध की घोषणा की थी और उसकी तीनों सेनाओं ने मोर्चाबंदी शुरू कर दी थी। पाकिस्तान ने जहां करांची बंदरगाह पर नौ सेना बेड़े तैनात किये वहीं सीमा पर फौज बढ़ा कर घुसपैठ शुरू कर दी थी। भारत युद्ध तो नहीं चाहता था पर युद्ध से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार था। दूसरी तरफ पाकिस्तान को लगा कि उसकी घुसपैठ सफल हो रही है। इससे उत्साहित होकर उसने दो और तीन दिसम्बर 1971 की रात भारत पर हवाई हमला बोल दिया। इस बमबारी से पूरा भारत सकते में आ गया। तीन दिसम्बर को भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सेना को आदेश दिया कि वह पाकिस्तान को मुंह तोड़ जबाब दे। 15 दिसम्बर को भारत ने ढाका पर आधिपत्य होने की अधिकृत घोषणा की। इसी के साथ वहां तैनात पाकिस्तान कमांडर ने फौज के आत्मसमर्पण का प्रस्ताव दिया जिसे 16 दिसम्बर को माना गया और भारत ने अपनी ओर से युद्ध विराम की घोषणा कर दी। पाकिस्तान का अंग बने बंगाल के निवासियों की सहायता करने में भारत ने अपने लगभग चार हजार सैनिकों का बलिदान दिया। दस हजार से अधिक घायल हुए। लगभग एक करोड़ शरणार्थी भारत आये। आधी शताब्दी से भी अधिक इस अवधि में ऐसा कोई वर्ष नहीं बीता जब भारत ने बांग्लादेश को सहायता न दी हो। बदले में क्या मिला? बांग्लादेश चीन की गोद में बैठ गया। पाकिस्तान के इशारे पर काम करने लगा। इन दिनों बांग्लादेश में केवल मंदिर ही नहीं तोड़े जा रहे बल्कि भारत विरोधी नारे भी लग रहे हैं। बांग्लादेश बनने के बाद से कट्टरपंथी जैसी भारत की डेमोग्राफी बदल रहे हैं वह चौंकाने वाली हैं। असम, बंगाल और झारखंड के अनेक गांव ऐसे हैं जहां से हिन्दू पलायन कर गये और बंगलादेशी आकर बस गये।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दृष्टिकोण
ओमकार चौधरी

# भारत क्या करेगा बांग्लादेश में?

> बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और दूसरे समुदायों के विरुद्ध जो हिंसा शुरू हुई थी, वह थमने का नाम नहीं ले रही है। हाल में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ढाका का दौरा किया है। उनकी अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से भी मुलाक़ात हुई। माना जा रहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर निरंतर हो रहे हमलों पर भारत सरकार की चिंता से उन्होंने अवगत कराते हुए कहा कि यह हिंसा जल्दी से जल्दी रुकनी चाहिए। इस्कान से जुड़े हिंदू पुजारी चिन्मय प्रभु दास की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने बात की है, जिसे लेकर भारत चिंतित है। मिस्री के दौरे का फल यह निकला कि दोनों देशों के बीच जो तनाव बढ़ता ही जा रहा था, उसमें कमी देखी जा रही है।

करीब साढ़े चार महीने पहले शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट दिया गया था। शेख हसीना उसी समय से भारत में हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और दूसरे समुदायों के विरुद्ध जो हिंसा शुरू हुई थी, वह थमने का नाम नहीं ले रही है। हाल में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ढाका का दौरा किया है। उनकी अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से भी मुलाक़ात हुई। माना जा रहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर निरंतर हो रहे हमलों पर भारत सरकार की चिंता से उन्होंने अवगत कराते हुए कहा कि यह हिंसा जल्दी से जल्दी रुकनी चाहिए। इस्कान से जुड़े हिंदू पुजारी चिन्मय प्रभु दास की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने बात की है, जिसे लेकर भारत चिंतित है। मिस्री के दौरे का फल यह निकला कि दोनों देशों के बीच जो तनाव बढ़ता ही जा रहा था, उसमें कमी देखी जा रही है। सोलह दिसंबर को बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल कोलकाता के दौरे पर आ रहा है। 16 दिसंबर वह तारीख़ है, जब भारत ने 1971 में पाकिस्तानी सेना को हराया था, जिसके बाद बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। यह प्रतिनिधिमंडल पूर्वी कमांड में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेगा। बांग्लादेश न केवल भारत का एक अहम पड़ोसी देश है, बल्कि उसके हमारे साथ सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और ऐतिहासिक रिश्ते भी हैं। 1947 से पहले वह भारत का हिस्सा था। हमारे देश को अंग्रेजी शासन से आजादी विभाजन की बड़ी क़ीमत पर मिली थी। पश्चिमी और पूर्वी दो भागों में पाकिस्तान का निर्माण हुआ था। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में मुक्ति संग्राम छिड़ा, उसमें भारत ने भी बेहद अहम भूमिका निभाई। यह अलग बात है कि नया बांग्लादेश अस्तित्व में आने के बावजूद वहां जमात से लेकर बहुत से कट्टरपंथी संगठन पनपते रहे, जो वहां भी अस्थिरता की वजह बनते रहे और जिसने वहां भारत विरोधी प्रोपेगैंडा जमकर चलाया। ख़ासकर हिंदू अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जाता रहा। यही कारण है कि 1947 में पूर्वी पाकिस्तान में जो पच्चीस प्रतिशत हिंदू हुआ करते थे, उनकी संख्या लगातार घटती गई। आज यह आठ नौ प्रतिशत बची है। यही हाल पाकिस्तान में हुआ है। वहां तो यह संख्या बहुत कम हो चुकी है। अफ़ग़ानिस्तान में तो अब हिंदू-सिख नाम मात्र के ही बचे हैं। उनके धर्म स्थलों को या तो नष्ट कर दिया गया अथवा उन पर कब्जा करके उनका रूप स्वरूप बदल दिया गया।

भारत की यह नीति रही है कि वह दूसरे देशों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करता है। कोई देश हमारे अंदरूनी मामलों में दखलांदाजी करे, इसकी भी इजाज़त नहीं देता है। बड़े अफ़सोस की बात यह है कि किसी जमाने में अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के जो अधिकांश हिस्से कभी भारत वर्ष का हिस्सा थे, वहां रह रहे कट्टरपंथी अब भारतीयों-हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा और नफ़रत का सहारा ले रहे हैं। कट्टरपंथी तत्व यह जानते हैं कि भारत किसी देश में सीधे हस्तक्षेप की नीति पर नहीं चलता है जब तक कि उसकी संप्रभुता, एकता अखंडता और नागरिकों की जान-माल पर आँच नहीं आ रही हो। इसका अनुचित फायदा उठाकर ऐसी अवांछित हरकतें और हिंसा वहां की जाती रही है, जिससे भारत के अपने नागरिकों को पीड़ा पहुंचे और यहां की सरकारों को मुश्किलों में डाला जा सके। राजनीतिक कारणों से इस



तरह की हरकतों को वहां की सरकारें भी बढ़ावा देती रही हैं। ऐसे अनेक उदाहरण अतीत में ख़ासकर पाकिस्तान और बांग्लादेश में देखने को मिले हैं। यह सब इसके बावजूद किया जाता है कि भारत संकट के समय हमेशा मदद का हाथ बढ़ाता रहा है। जब से बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट हुआ है, तब से वहां के हालात बहुत पेचीदा हो गए हैं। जमात-ए-इस्लामी, बीएनपी और कुछ उग्रपंथी संगठनों ने जमकर हिंसा की है। जब भी अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरूद्ध की जा रही हिंसा पर सवाल उठाए जाते हैं तब उनका तर्क होता है कि हिंसा शेख हसीना को सपोर्ट करने वालों के विरूद्ध हो रही है। यह पहली बार है, जब पश्चिमी जगत की भी बांग्लादेश में हो रही हिंसा पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो वहां हो रही हिंसा की चर्चा करते हुए यहां तक कहा है कि उनकी सरकार इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। ट्रंप ने कहा है कि दुनिया के किसी भी हिस्से में यदि हिंदुओं पर हमले होंगे तो वह सहन नहीं करेंगे। उन्हें हर हाल में सुरक्षा दी जाएगी। दरअसल, ट्रंप और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस एक-दूसरे को नापसंद करते हैं। ट्रंप जब हिलेरी क्लिंटन को परास्त कर अपने पहले कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए थे, तब यूनुस पेरिस में थे और उन्होंने उसे अमेरिका के लिए काला दिवस करार दिया था। इसलिए यह मानकर चला जा रहा है कि बीस जनवरी को जैसे ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे, यूनुस की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। कुछ जानकारों का मानना है कि शेख हसीना सरकार की देर-सवेर बहाली हो जाएगी। भारत ठंडे दिमाग़ से काम ले रहा है और ट्रंप के कार्यभार संभालने की प्रतीक्षा कर रहा है। बांग्लादेश हो, पाकिस्तान हो या अफ़ग़ानिस्तान में घट रही घटनाएं हों, उनका भारत पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यहां उन पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। मोदी सरकार इन देशों में होने वाली घटनाओं के मद्देनजर सीएए क़ानून भी लेकर आई थी, उसे लागू भी किया जा चुका है। धार्मिक आधार पर यदि हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों के विरूद्ध वहां पक्षपात या अत्याचार होते हैं तो आजादी और विभाजन के पचहत्तर वर्ष बाद भी वह भारत लौट सकते हैं। यहां की नागरिकता हासिल करने के लिए जो शर्ते हैं, उनका पालन कर आवेदन कर सकते हैं। दुनिया में ऐसा मानवीय पहलू वाला क़ानून शायद ही किसी देश में हो। हालांकि इस पर यहां जमकर राजनीति हो चुकी है। कुछ राजनीतिक दल झूठ फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर हिंसा भड़काने की साजिशें भी रच चुके हैं। आश्चर्य का विषय है कि यही राजनीतिक जमात हमास के समर्थन में बयान जारी करता है परंतु जब बांग्लादेश पाकिस्तान अथवा अफ़ग़ानिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमलों की सूचना आती हैं तो चुप्पी साध लेता है। बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने पर भी ये चुप्पी ही साधे हुए हैं। वहां कट्टरपंथी जमातें इस तथ्य से भली-भांति अवगत हैं कि भारत की अपनी राजनीतिक समस्याएं क्या हैं और यहां किस तरह राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल तुष्टिकरण की राजनीति में उलझे हुए हैं।

जैसे ही वहां कोई नई घटना घटती है और उसके विजुअल्स सोशल मीडिया में आते हैं, वैसे ही ख़ासकर मोदी और भाजपा समर्थक राष्ट्रवादी अपनी तीखी प्रतिक्रियाएं देना शुरू कर देते हैं। उनका सीधा एक ही सवाल होता है कि हमने क्या इसी दिन के लिए मोदी जी को वोट दिया था? वो बांग्लादेश के हिंदुओं को क्यों नहीं बचा रहे। हमला क्यों नहीं कर रहे। वहां जो दुष्ट हिंसा में लिप्त हैं, उन्हें सबक क्यों नहीं सिखा रहे। ऐसे अति उत्साही और चिंतित लोगों को संभवतः अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की बारीकियों की उतनी समझ नहीं है। उन्हें नहीं पता कि भारत यदि कोई सीधी कार्रवाई करेगा तो उसके किस तरह के नतीजे हो सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
## दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
## प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे क्षमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एक साथ सभी चुनावों का औचित्य

एक देश एक चुनाव का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है, क्योंकि हाल ही में केंद्र सरकार ने एक देश एक चुनाव को मंजूरी दे दी। इसमें लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय, सभी चुनाव लगभग 100 दिनों में कराने का प्रावधान है। इससे पहले रामनाथ कोविंद समिति को भी मंजूरी मिल गई थी। केंद्र सरकार इस बिल को अब जल्द ही संसद में भी पेश कर सकती है। इसे तैयार करने के लिए विभिन्न विशेषज्ञों और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग की सलाह भी ली होगी। इस मुद्दे पर अब फिर से राजनीति शुरू हो जाएगी। हमारे देश की राजनीति अवसरवाद की शिकार हो चुकी है, इसलिए यहां बहुत से राजनेता ही एक साथ चुनाव के लिए रजामंद नहीं होंगे। बहरहाल, लोकतंत्र का आधार ही चुनाव होते हैं। चुनाव प्रक्रिया में अगर कुछ कमियां हों तो उन्हें दूर करना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत होता है। *– विनम कुमार साहू*

## ट्रेंड

### लौह पुरुष को नमन

देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बना रहेगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### भाजपा ने वादा नहीं निभाया

हाथरस रेप पीड़िता के परिवार को घर में बंद रखना और आरोपियों का खुलेआम घूमना बाबा साहेब के संविधान की मूल भावना के ख़िलाफ़है। भाजपा सरकार ने पीड़ित परिवार को दूसरी जगह घर देकर शिफ्ट करने का वादा भी पूरा नहीं किया है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### मेरी किताब 'सेव अमेरिका'

क्रिसमस आ रहा है! सबसे आकर्षक उपहार मेरी नई किताब, "सेव अमेरिका" है। कोई अन्य पुस्तक हमारे आंदोलन, हमारे अभियान और हमारे भविष्य पर प्रकाश नहीं डालती।

-डोनाल्ड ट्रम्प, अमेरिकी राष्ट्रपति



### युवाओं की ऊर्जा

जब हम परियोजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में सोचते हैं तो हमारा पहला विचार वर्षों के अनुभव वाले व्यक्ति को ढूंढना होता है। लेकिन हम स्टार्ट-अप युग में हैं जहां युवाओं की ऊर्जा, और नवीनता अनुभव के ज्ञान और ज्ञान के लिए एक योग्य चुनौती है। -अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# पाक के कपूर हाउस में राज कपूर की जयंती मनाई गई



पाकिस्तानी सांस्कृतिक और फिल्म प्रेमी बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता एवं अभिनेता राज कपूर की 100वीं जयंती मनाने के लिए शनिवार को पेशावर के 'कपूर हाउस' में इकट्ठा हुए और इस दौरान उन्होंने केक काटकर उनकी जयंती मनाई। आयोजन में शामिल लोगों ने राज कपूर और बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार के पैतृक घरों के जीर्णोद्धार के लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित करने की विश्व बैंक की घोषणा का भी स्वागत किया। प्रसिद्ध किस्सा खवानी बाजार के पास स्थित दोनों घरों को पेशावर के भारतीय सिनेमा से गहरे संबंधों के प्रतीक के रूप में माना जाता है। 'कल्चरल हेरिटेज काउंसिल' (सीएचसी) और पुरातत्व निदेशालय खैबर पख्तूनख्वा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस समारोह में कपूर की विरासत को याद करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कपूर के पाकिस्तान से संबंधों पर बल दिया और सिनेमा पर उनकी अमिट छाप की प्रशंसा की। कपूर का जन्म 14 दिसंबर 1924 को पेशावर के ढाकी नलबंदी में हुआ था और 1988 में उनका निधन हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर 'पाक-ईरान ट्रेड एंड इवेस्टमेंट काउंसिल' के सचिव मोहम्मद हुसैन हैदरी मौजूद रहे।

## ऑफ बीट

# मादक पदार्थ कैप्टागन क्या है, जर्मनी में बनाया गया था




कैप्टागन एक पुराने सिंथेटिक फार्मास्युटिकल उत्प्रेरक का मूल ब्रांड नाम है जिसे 1960 के दशक में जर्मनी में बनाया गया था। यह एम्फ़ैटेमिन और मेथैम्फेटामाइन का एक विकल्प था। उस समय इन दोनों का इस्तेमाल दवा के रूप में किया जाता था। इस दवा में सक्रिय घटक फेनेथिलीन है और शुरुआत में एडीएचडी और नींद की बीमारी नार्कोलेप्सी जैसी स्थितियों के उपचार के लिए इसका इस्तेमाल किया गया। इसका उपयोग कानूनी रूप से उपलब्ध कुछ उत्प्रेरक पदार्थों के समान था, जिनका हम आज भी उपयोग करते हैं जैसे कि डेक्साम्फैटामाइन। कैप्टागन का प्रभाव एम्फ़ैटेमाइन जैसा ही होता है। यह मस्तिष्क में डोपामाइन को बढ़ाता है, जिससे स्वास्थ्य, आनंद और उल्लास की भावनाएं पैदा होती हैं। यह ध्यान, एकाग्रता और सहनशक्ति में भी सुधार करता है। लेकिन इसके कई अवांछित दुष्प्रभाव भी हैं जैसे कि थोड़ा बहुत मनोविकार। यह दवा मूल रूप से पश्चिम एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में बेची जाती थी। यह यूरोप में कुछ समय तक काउंटर पर (बिना डॉक्टर के पर्चे के) उपलब्ध थी, उसके बाद में यह केवल डॉक्टर के पर्चे पर लिखे जाने के बाद ही मिलना प्रारंभ हुई।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## राजनीति और उद्योग जगत के बड़े नाम

# फोर्ब्स साल 2024: दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में तीन भारतीय शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोशनी नादर 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। रोशनी नादर मल्होत्रा शिव नादर फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं और इसके जरिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं।

फोर्ब्स ने साल 2024 की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची जारी कर दी है। इस सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं। फोर्ब्स की इस 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। आइए जानते हैं कि इस सूची में कौन-कौन से नाम हैं और क्या उनकी उपलब्धियां हैं।

- सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद दुनिया भर के देशों के बीच बिजनेस में सहयोग के लिए इसे बनाया गया।
- 1 जनवरी 1995 को जीएटीटी की जगह वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना की गई।
- डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों ने बिजनेस में सहयोग के लिए एक-दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दिया था।



### फोब्स बिजनेस मैगजीन दुनियाभर में फेमस है

*फोर्ब्स अमेरिकी बिजनेस मैगजीन है। यह व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, नेतृत्व और जीवनशैली विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है। यह पत्रिका दुनियाभर के उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के कार्य के आधार पर उनका मूल्यांकन और रैंकिंग प्रदान करती है।*

*भारत की तीन महिलाएं लिस्ट में शामिल*

*निर्मला सीतारमण ने मई 2019 में भारत के वित्त मंत्री के रूप में पदभार संभाला और वो कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री भी हैं. अपने राजनीतिक करियर से पहले उन्होंने यूके के एग्रीकल्चरल इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड सर्विस में काम किया है. उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग में भी सेवाएं दी हैं।*

### निर्मला सीतारमण

*भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की सबसे ताकतवर सूची में 28वें स्थान पर हैं। निर्मला सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। निर्मला सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं।*

### रोशनी नादर मल्होत्रा

*दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ रोशनी नादर मल्होत्रा को फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 81वां स्थान दिया गया है। रोशनी नादर 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। रोशनी नादर मल्होत्रा शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं और इसके जरिए शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नादर ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।*

### किरन मजूमदार शॉ

किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की आज अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनिया भर में पहुंच है। किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में से एक हैं। साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था। शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी का भी काम कर रही है।

# क्या बजरंग बली की मूर्ति रातोंरात आ गई?

## संभल में 46 साल पुराना मंदिर मिलने पर बोले सीएम योगी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम बहुल इलाके में 46 साल पुराने मंदिर का पता चलने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान आया है। सीएम ने रविवार को कहा कि संभल में इतना प्राचीन मंदिर क्या रातोरात प्रशासन ने बना दिया? क्या वहां बजरंगबली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई? मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? इस पर चर्चा क्यों नहीं होती है? मालूम हो कि शनिवार को मंदिर का पता चलने के बाद रविवार को पूजा-पाठ किया गया।




# कॉमेडियन सुनील पाल के किडनैपर का एनकाउंटर

- पुलिस हिरासत से किया भागने का प्रयास



**लखनऊ।** कॉमेडियन सुनील पाल और एक्टर मुश्ताक खान के किडनैपर अर्जुन कर्णवाल का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। यह बदमाश पुलिस की हिरासत से भागने की फिराक में था। इसने एक दरोगा की पिस्टल छीन ली और फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। गनीमत रही कि पुलिस टीम पहले से अलर्ट थी। ऐसे में तत्काल पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही धर दबोचा। वारदात के वक्त पुलिस इस बदमाश को कोर्ट में पेश करने से पहले मेडिकल चेकअप कराने के लिए ले जा रही थी। मेरठ पुलिस के मुताबिक मामला लालकुर्ती थाना क्षेत्र का है। इस बदमाश को लालकुर्ती थाना पुलिस ने शनिवार को ही अरेस्ट किया था। रविवार को पुलिस उसे अदालत में पेश करने से पहले मेडिकल परीक्षण कराने के लिए अस्पताल ले जा रही थी। रास्ते में मौका देखते ही इस बदमाश ने दरोगा की पिस्टल छीन ली और गाड़ी से कूद गया। इसके बाद आरोपी ने पुलिस के ऊपर फायरिंग भी की. गनीमत रही कि पुलिस भी एक्शन में थी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए किडनैपर अर्जुन कर्णवाल के पैर में गोली मार दी।




## एबीसी न्यूज चैनल को करना होगा भरपाई

# न्यूज एंकर की गलती, अब प्रेसीडेंट ट्रंप को मिलेंगे 127 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने वाले रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप ने एक न्यूज चैनल के एंकर पर झूठी खबर दिखाने का हवाला देते हुए मानहानि का केस किया था। इस केस में अब ट्रंप को जीत मिल गई है, जिसके चलते अब ट्रंप को न्यूज चैनल से 15 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 127 करोड़ रुपये मिलेंगे। दरअसल, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर की घई एक टिप्पणी एबीसी न्यूज चैनल को भारी पड़ गई।

### चैनल ने जताया खेद

जानकारी के मुताबिक एबीसी न्यूज ने एडिटर्स नोट में लिखा है कि सेटलमेंट के तौर पर चैनल डोनाल्ड ट्रंप को यह रकम चुकाएगा। चैनल की तरफ से एंकर की गलती पर खेद जताया गया था। गौरतलब है कि इसी साल मार्च को द वीक के कार्यक्रम में न्यूज चैनल के एंकर ने कमेंट की थी।

### ट्रंप को मिलने वाले पैसे से बनेगी लाइब्रेरी

इंटरनेशनल मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक मीडिया नेटवर्क को 1 मिलियन डॉलर्स की राशि ट्रंप के अटॉर्नी अलेजांद्रो ब्रिटो के लॉ फर्म को देनी पड़ेगी। एबीसी न्यूज जो राशि देगा, उससे एक लाइब्रेरी बनेगी, जिसका मकसद कोई प्रॉफिट कमाना नहीं होगा। एबीसी न्यूज ने कहा कि इस बात की खुशी है कि दोनों पार्टियों के बीच सुलह हो चुकी है और यह केस बंद हो चुका है। फ्लोरिडा फेडरल जज के सामने सुलह को लेकर आदेश सुनाया गया था।



# टल गया 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल, आज नहीं होगा पेश

## वक्फ संसोधन बिल के बाद मोदी सरकार ने इस बिल से भी पीछे खींचे हाथ

## संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को हो जाएगा समाप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ संसोधन बिल के बाद वन नेशन, वन इलेक्शन बिल से भी सरकार ने हाथ खींच लिए हैं। इससे जुड़े दो विधेयक सोमवार को लोकसभा में भी पेश किया जान वाला था। अब बताया जा रहा है कि दोनों विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं किए जाएंगे। संशोधित कार्यसूची से बिल को हटा दिया गया है। सरकार ने इस बिल को पेश करने तारीख अब तक तय नहीं की है। मौजूदा शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। ऐसे में इस सत्र में विधेयक लाने की संभावना कम है। इससे पहले शुक्रवार को जारी की गई कार्यसूची में कहा गया था कि बिल को सोमवार को लोकसभा में रखा जाएगा। अभी कारण स्पष्ट नहीं कि सरकार ने सोमवार को बिल न लाने का फैसला क्यों किया और अब किस दिन लाया जाएगा। हालांकि, लोकसभा का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

### सरकार ने बिल लाने में की देरी

सरकार ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर आधारित विधेयकों को लोकसभा में पेश करने में डिले कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, ये विधेयक वित्तीय व्यवसाय के पूरा होने के बाद सदन में लाए जा सकते हैं। पहले ये विधेयक, संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने के लिए लिस्ट किए गए थे। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संशोधित सूची में इन विधेयकों को सोमवार के एजेंडे में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, लोकसभा स्पीकर की इजाजत के बाद सरकार बिल को सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के माध्यम से सदन में आखिरी समय में भी पेश कर सकती है।




### क्या है वन नेशन, वन इलेक्शन बिल?

ये दोनों विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के से संबंधित है। पिछले सप्ताह नियमों के मुताबिक इन विधेयकों की प्रतियां सदस्यों के बीच बांटी गई थी। अभी संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है, जो कि 20 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। इसके पहले, सरकार पहले बैच की पहले की मांग को पारित करने पर फोकस करना चाहती है, जो सोमवार के लिए लिस्टेड हैं। इस कदम से यह स्पष्ट है कि सरकार एक बड़े और विवादित मुद्दे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर और भी विचार करना चाहती है। यह एक साथ चुनाव कराने की दिशा में बड़ा कदम होने वाला है, जाहिर है इसको लेकर बातचीत होगी।

### वित्तीय कामकाज के बाद हो सकता है पेश

सरकार लोकसभा में वित्तीय अनुदान संबंधी कामकाज पूरा करने के बाद 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से संबंधित विधेयकों को पेश करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संशोधित कार्यसूची में सोमवार के एजेंडे में ये दोनों विधेयक शामिल नहीं हैं। हालांकि सरकार लोकसभा अध्यक्ष की अनुमति से अंतिम समय में 'अनुपूरक कार्य सूची' के माध्यम से संसद में विधायी एजेंडा पेश कर सकती है।

### 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के समर्थन में आई बसपा

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की मुखिया मायावती ने 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर बड़ा ऐलान किया है।उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को लखनऊ में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अगर बीजेपी अगले दो से तीन दिन के अंदर एक देश एक चुनाव का बिल लाती है तो बहुजन समाज पार्टी उसका समर्थन करेगी। मायावती ने कहा कि संसद में काफी गरमा-गरम बहस चल रही है, लेकिन यह चर्चा तब सार्थक है जब जरूरतमंद और सही लोगों को उनका अधिकार मिले। मायावती ने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर संसद में चल रही चर्चा पर यह बातें कहीं।

## जैकेट के शेष

### पिता और भाई की ....

लगे। कबड्डी व खो-खो खेलने के लिए बस्तर ओलंपिक में पहुंचा हूं। विजय कुमार तालापल्ली ने बताया कि भाई गणेश की नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर के आरोप में वर्ष 2008 में हत्या की। सरकार ने सहायक आरक्षक बनाया है। दोनों ने कहा कि नक्सली निर्दोष ग्रामीणों को मुखबिर बताकर हत्या कर रहे हैं। उनका यह क्रूर और अमानवीय चेहरा बस्तर विकास में बाधक बन रहा है।

### बस्तर में केंद्रीय ...

उम्मीदों की पहचान बनने वाला है। उन्होंने मार्च 2026 तक नक्सल उन्मूलन के संकल्प को दोहराया।

**बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा** : अमित शाह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक नक्सलवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम करेगा। बस्तर ओलंपिक लाखों आदिवासी युवाओं को गलत रास्ते में जाने से रोकेगा और उन्हें भारत निर्माण से जोड़ेगा। शाह ने कहा कि बस्तर ओलंपिक क्षेत्र में शांति सुरक्षा और विकास की नई नींव डालने वाला है। बस्तर बदल रहा है, से बस्तर बदल गया, के यात्रा की शुरूआत इस ओलंपिक ने की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जब भी भारत को किसी स्पर्धा में मेडल मिलता है तो उसमें से आधे मेडल हमारे आदिवासी बच्चें लेकर आते हैं। खेलों की और विकास की जो आज शुरूआत हुई है, वह आने वाले दिनों में बस्तर के आदिवासी बच्चों के लिए विश्व भर के लिए रास्ता खुलेगा। शाह ने नक्सलवाद को छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

**300 से अधिक युवा हुए शामिल** : बस्तर ओलंपिक की सबसे खास बात ये रही कि इसमें 300 से अधिक शामिल हुए। फुटबॉल, वॉलीबॉल, कराटे, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, कबड्डी, आर्चरी, एथलेटिक्स, रस्साकसी, हॉकी और रिलेरेस शामिल है। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक लता उसेंडी, किरण देव, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, आशाराम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर सफिरा साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा खेलप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।

### एक साल में ....

कि एक दौर था जब बस्तर में मूलभूत सुविधाएं तक नसीब नहीं थी, लेकिन पिछले 1 साल में छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के विकास की नई इबारत लिखी है और बस्तर के गांव-गांव तक शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में तेजी आई और पिछले 1 साल में नक्सल मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल हुई है।

### जीतता वही है ....

कोई बेटी मेडल लेकर आएगी तो देश को उस पर गर्व होगा और हम इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। एकलव्य स्कूल, आदिवासी आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री पीवीटीजी डेवलपमेंट मिशन, जनजाति उन्नत ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं से जुड़ी जानकारी साझा की।

### युवाओं की छुपी ....

को छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की है। आज चेहरों पर जो मुस्कान है, वह एक खुशहाल और शांतिपूर्ण बस्तर का प्रतीक है।

**कैम्प स्थापित होने से विकास अंदर तक पहुंची** : मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद के मांद कहे जाने वाले इलाकों में हमने नये कैंप स्थापित किये। यहां नक्सलियों को ललकारा और उन्हें धूल चटाई। पिछले एक साल में माओवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में बड़ी सफलता मिली है। इस दौरान 200 से अधिक माओवादियों को ढेर किया गया है, 900 से ज्यादा माओवादी गिरफ्तार हुए तथा 812 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, यह बड़ी उपलब्धि है। जवानों का बढ़ा हुआ हौसला और आत्मविश्वास देखकर मैंने भी अपने भीतर नयी ऊर्जा का महसूस की है। हमारी डबल इंजन की सरकार ने नियद नेल्लानार योजना' के माध्यम से बस्तर के अंदरूनी गांव तक लोकतंत्र और विकास की किरणों को पहुंचाने में सफल हुए है। कार्यक्रम को खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का ....

के मुताबिक, बैठक शुरू होते ही दिवंगत श्रीगोपाल व्यास राज्यसभा के पूर्व सांसद और नंदाराम सोरी अविभाजित मप्र के विधानसभा के पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद प्रश्नोत्तर होगा। उपमुख्यमंत्री अरूण साव छत्तीसगढ़ नगरपालिका संबंधी चार अध्यादेश पेश करेंगे। मंत्री रामविचार नेताम अनुसूचित जनजाति आयोग का प्रतिवेदन पटल पर रखेंगे। मंत्री केदार कश्यप मार्कफेड का अंकेक्षण प्रतिवेदन और वित्तीय पत्रक पटल पर रखेंगे। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल नर्सिंग एक्ट से संबंधित अधिसूचना पटल पर रखेंगे। राष्ट्रपति तथा राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना दी जाएगी। इसके बाद ध्यानार्कषण होगा।

### सोसाइटियों से धान ....

खबर के मुताबिक खाद्य विभाग की टीम ने दोंदेकला स्थित आरटी राइस इंटरप्राइजेस और सेजबहार स्थित गौरी राइस मिल की जांच की। राइस मिलर्स एसोसिशन के पदाधिकारी गप्पू मेमन के गरियाबंद स्थित राइस मिल मिल परिसर को जांच के बाद सील कर दिया गया। राइस मिलर एसोसिएशन के महामंत्री प्रमोद जैन और विजय तायल की मिल पर भी छापा मार कर सील कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी शुरू होने के बाद राइस मिलर्स अपनी लंबित भुगतान और कुछ अन्य मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। राज्य सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने किश्तों में भुगतान करने की रणनीति बनाई, लेकिन राइस मिलर्स इस पर सहमत नहीं हैं। मामले को लेकर उनके और सरकार के बीच विवाद चल रहा है। मिलर्स ने कस्टम मिलिंग रोक दी है, जिसकी वजह से धान का उठाव नहीं हो रहा है। धान का उठाव नहीं होने से कई सोसायटियों में बफर स्टॉक के चलते धान खरीदी बंद होने के कगार पर है। ऐसे में सरकार की ओर से एक्शन लिया जा रहा है। कलेक्टर को समितियों ने बफर स्टॉक उठान न करने पर धान खरीदी बंद करने की चेतावनी दे चुके हैं। अब राज्य शासन के निर्देश पर ऐसे जिले जहां पर बफर स्टॉक अधिक है वहां राजस्व और खाद्य विभाग की टीम बनाकर राइस मिलों का निरीक्षण करा रही है। जिन मिलों में गड़बड़ी पाई जा रही, उन पर कस्टम मिलिंग के नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है। जांच दल में तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे, नायब तहसीलदार राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक खाद्य अधिकारी बिन्दु प्रधान शामिल थे।

**पांच जिलों की आधा दर्जन से अधिक मिलों की जांच : (महासमुंद)** रायपुर के अलावा जिला महासमुंद में श्रीवास्तव राइस मिल, नारायण राइस मिल, माँ लक्ष्मी राइस मिल, जिला धमतरी में आकांक्षा राइस मिल, जिला राजनांदगांव में अतुल राइस मिल में जांच टीम द्वारा दबिश दी गई है। **पंजीयन के बाद नहीं उठा रहे धान, मिल सील कर चावल जप्त** : प्रमोद जैन की आरटी राइस मिल द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन कराने के उपरांत भी अनुमति एवं अनुबंध का निष्पादन नहीं कराया गया है। शासकीय धान का उठाव नहीं किया जा रहा है। मिल परिसर में 390 क्विंटल उसना चावल एवं 1200 क्विंटल धान फ्री सेल प्रयोजन के लिए पाया गया, जो कि प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश, 2016 का उल्लंघन है। मिल परिसर को सील कर धान एवं चावल को जप्त कर लिया गया है।

### रायपुर में ...

14 डीओ के धान उठाव को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। गरियाबंद की एक राइस मिल में नियमानुसार जांच की जा रही है।

### 16 साल की ....

**कमलिनी ने मचाया धमाल** : रविवार को ही महिला अंडर-19 एशिया कप में कमलिनी ने धांसू पारी खेली। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 29 गेंदों पर नॉटआउट 44 रन बनाए और अपनी टीम को 47 गेंदों में ही मैच जिता दिया। इस तरह एक ही दिन में कमलिनी ने दो जगह धमाल मचाया।

### 4 खिलाड़ी बनीं ....

ऑलराउंडर हैं। लिस्ट में तीसरा नाम 16 साल की विकेटकीपर कमलिनी का है, जिन्हें मुंबई इंडियंस ने 1.6 करोड़ में खरीदा। इस ऑक्शन में करोड़पति बनने वालीं चौथी और आखिरी प्लेयर प्रेमा रावत हैं। उन्हें बेंगलुरु फ्रेंचाइजी ने 1.2 करोड़ रुपए में खरीदा।

# 'सबसे पहले अजित पवार को निकालो' राउत ने पीएम मोदी से की बड़ी मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में पीएम मोदी का भाषण 106 मिनट से अधिक समय तक चला। पीएम मोदी ने उन्होंने कहा कि देश भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस होनी चाहिए और भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मिलनी चाहिए। अब इस को लेकर शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को सबसे पहले अजित पवार को पार्टी से निकाल देना चाहिए। एकनाथ शिंदे सबसे भ्रष्ट नेताओं में से एक हैं। संजय राउत ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'पीएम मोदी को सबसे पहले अजित पवार को पार्टी से निकाल देना चा हि ए। एकनाथ शिंदे भी सबसे भ्रष्ट व्यक्ति हैं और भी उनके साथ में जो 10-12 लोग आए हैं जिनके ऊपर ईडी और सीबीआई के केस हुए हैं। हिम्मत है आपकी उनकी पार्टी से दूर करने की। अभी जो आपका 56 इंच का सीना है। उस सीने से पूछिए कि मेरे आसपास कितने भ्रष्ट लोग हैं।

■ प्रधानमंत्री के संसद में भ्रष्टाचार पर किए दावों के बाद दी प्रतिक्रिया



### जीरो टॉलरेंस पर यह बोला था मोदी ने

पिछले दो दिनों से विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के बाद लोकसभा में संविधान पर बहस का जवाब देते हुए 11 संकल्प पेश किए। पीएम मोदी ने उन्होंने कहा कि देश भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस होनी चाहिए और भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मिलनी चाहिए। इतना ही नहीं उन्होंने कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर भी तीखा हमला किया। करीब दो घंटे के अपने भाषण में मोदी ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधा और उन पर देश की विविधता में जहरीले बीज बोने का आरोप लगाया, ताकि इसके विरोधाभासों को बढ़ाया जा सके और इसकी एकता को नुकसान पहुंचाया जा सके।

# शेख हसीना पर लोगों को जबरन गायब करने का आरोप

### एक्शन बटालियन का इस्तेमाल कर लोगों को यातनाएं दीं

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर देश में जबरन लोगों को गायब करने का आरोप लगा है। अंतरिम सरकार के जांच आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जबरन गुमशुदगी की घटनाओं में शामिल रही हैं। आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक जबरन गुमशुदगी के ऐसे लगभग 3500 मामले में हैं, जिनमें हसीना शामिल थीं। इसे लेकर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को बयान भी जारी किया है।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री कैलाश चंद्र गुप्ता, निवासी बी-73, फ्लैट नं. 204, सुभाष पार्क एक्सटेंशन, गली नं. 12, मेन राजा पुरी रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली की पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04/06/1968 द्वारा क्रय की गयी स्वअर्जित सम्पत्ति भूमि खसरा नं. 867/1 रकबा 7.60 एकड़, ग्राम मोवा, तहसील व जिला रायपुर के सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील क्र. 3159-3160 / 2019 में पारित निर्णय दिनांक 14/10/2024 द्वारा यह निर्णय दिया गया है की उक्त संपत्ति में मेरे पक्षकार का स्वत्व है किन्तु कुछ अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा उक्त सम्पत्ति को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर छलपूर्वक विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में मेरे पक्षकार के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार न किया जावे अन्यथा ऐसा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जावेगी जिसके समस्त खर्च एवं क्षतिपूर्ति के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार होंगे। सो सूचना जाने।

अमन तम्बोली, (अधिवक्ता)
आर 9/17, रामा वैली, हाई कोर्ट रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
7987747647

**कार्यालय कलेक्टर (नगरीय निकाय) जिला - बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक / 58 / स्था. निर्वा./न.पा./ 2024 बालोद दिनांक 14/12/2024

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में एतद् द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद बालोद / दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुण्डरदेही / डौण्डीलोहारा / चिखलाकसा / डौण्डी / अर्जुन्दा / गुरूर में वार्डो का आरक्षण प्रवर्गवार तथा महिला प्रवर्गवार किया जाना है । इस हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाता है

1. स्थान का विवरण - कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष जिला बालोद
2. कार्यवाही का दिनांक - 19.12.2024
3. कार्यवाही का समय - प्रातः 11.00 बजे से

उपरोक्त वर्णित कार्यवाही के समय सर्व साधारण की जानकारी एवं नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपस्थित हेतु सूचना प्रकाशित की जाती है।

(इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल)
कलेक्टर
जिला - बालोद (छ.ग.)

## पेज एक के शेष

### मैनपाट का पारा...

बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं शीतलहर से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से पिछले पांच दिनों से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हालत यह है कि बर्फीली हवाओं के प्रभाव से अम्बिकापुर सहित एकीकृत सरगुजा अंतर्गत बलरामपुर एवं सूरजपुर जिला सहित अन्य क्षेत्रों का न्यूनतम पारा पिछले तीन दिनों से सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे स्थित है। अत्यधिक ठंड पड़ने के कारण पठारी एवं मैदानी इलाकों में सुबह पाला की सफेद चादर बिछ जा रही है। दो दिन की राहत के बाद छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट का पारा रविवार को 2.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है वहीं बलरामपुर का न्यूनतम पारा पिछले दो दिनों से 3.0 डिग्री सेल्सियस के नीचे स्थिर है। शनिवार से ही बलरामपुर का पारा 2.9 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। दशकों बाद इस बार नवम्बर में भी कड़ाके की ठंड पड़ी थी 10 दिसम्बर से ठंड का पलटवार होने के बाद लगातार पारा में गिरावट होने का क्रम जारी है। ठंड से उत्तर छत्तीसगढ़ का जनजीवन प्रभावित है। ठंड के कारण सुबह धूप निकलने के बाद ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं तथा शाम ढलते ही सड़कें सूनी हो जा रही हैं। ठंड से बाजारों की रौनक भी खत्म हो गई है।

**बादल रोकेंगे बर्फीली हवा** : मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि एक पछुआ विक्षोभ तेजी से भारत की ओर अग्रसर है। विक्षोभ के प्रभाव से जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक- दो दिन में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं भीषण ठंड से राहत मिलने की संभावना है। चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव उत्तर भारत में होने के कारण वहां बादलों का घनत्व बढ़ते ही बर्फीली हवाओं का प्रभाव रूक जाएगा जिससे पारा में वृद्धि होने का अनुमान है।

### छत्तीसगढ़ में बदली...

देना होगा। उद्यानिकी विवि में कुलपति पद के लिए आवेदन करने वाले 18 उम्मीदवारों में से शॉर्ट-लिस्ट किए गए 11 उम्मीदवारों को इस संदर्भ में सूचित किया जा चुका है, लेकिन उन्हें अब तक इसकी तिथि नहीं बताई गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यूजीसी के नियमों में पहले से कुलपति चयन के पूर्व प्रस्तुतिकरण संबंधित व्यवस्था है। हालांकि इसकी अनिवार्यता नहीं होने के कारण अधिकतर राज्यों में इसका पालन नहीं किया जाता रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कई तरह के सुझाव प्रस्तावित हैं। इसमें चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाए जाने से लेकर कई चीजों को जगह दी गई हैं। इसके तहत ही अब प्रस्तुतिकरण अनिवार्य किया जा रहा है।


### सामान्यतः 35 से...

में प्राप्त आवेदनों की यह रिकॉर्ड संख्या है। आवेदन करने वालों में निजी महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित रविवि सहित कई विश्वविद्यालयों प्राध्यापक भी शामिल हैं। कई आवेदन दूसरे राज्यों से भी आए हैं। इनकी छटनी जारी है। शॉर्ट लिस्ट किए जाने के बाद कैंडिडेट्स को प्रस्तुतिकरण के लिए बुलाया जाएगा।

### अतुल के पिता ...

सुलझ गया होता, तो अतुल आज जिंदा होता। अतुल के पिता को भी आज यही मलाल है। अतुल के पिता ने कहा कि साल 2021 में चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज ज्योति के घर पर समझौता हुआ था, जिसमें निकिता ने दहेज की पूरी लिस्ट बनाकर तलाक के बदले 20 लाख रुपए मांगे थे। वह लिस्ट आज भी हमारे पास है। हमारी बहू निकिता के चचेरे भाई ने पंकज ज्योति के माध्यम से अतुल और निकिता के बीच विवाद को सुलझाने की कोशिश की थी। जब पंकज ज्योति ने हमारे चचेरे भाई बजरंग से बात की, तो बजरंग ने हमसे पूछा था कि क्या मामला है? तो हमने उन्हें बताया कि हमारी बहू जौनपुर में है। वह आती नहीं है। उस समय हमने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। फिर हमें पता चला कि निकिता अपनी मां के साथ पंकज ज्योति के यहां आ रही है। फिर मैं भी तब वहां गया था, तो देखा निकिता, उसकी मां और मेरा पोता वहां थे।

## राशिफल


**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।


**वृष** रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।


**मिथुन** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।


**कर्क** कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।


**सिंह** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।



**कन्या** मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**तुला** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।


**मकर** नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**कुंभ** स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।


**मीन** कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**कब्जा सूचना**

**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

चूँकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने **कब्जे** में ले लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं)/सह ऋणधारक (ओं)/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू.में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अरविंद कुमार डहरिया, पार्वती मेहरा | फ्लैट-प.ह. नं. 05/61, ख. नं. 566/15, ग्राम- अमलेश्वर, प.ह. नं. 05/61, ख. नं. 566/15 का भाग, रा.नि.मं.- भिलाई 03, तहसील-पाटन, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, रायपुर, छत्तीसगढ़, 491111 चौहद्दी: उत्तर- चिंटू देवांगन का प्लॉट, दक्षिण - जय प्रकाश देवांगन का प्लॉट, पूर्व-वर्मा का मकान, पश्चिम-सड़क। | 03-09-2024 | 13,37,870 | 10-12-2024 |


ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।
**ऋणधारकों/जमानतदारों और आम जनता** को एतदद्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय है।

**ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

स्थान: रायपुर
दिनांक: 16-12-2024

प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## शब्द पहेली - 5717



**बाएँ से दाए**
1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5716 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | प | चा | र | | नि | | वि | रा | स | त |
| | र | | घु | | ग | द | र | | ही | न |
| क | | | व | रा | ह | | ह | | | हा |
| म | हा | वी | र | | बा | ल | | क | मा | ई |
| जो | | रा | | ना | न | | श | | ख | |
| र | म | णी | य | ता | | भा | व | ही | न | ता |
| | न | | म | | ज | ल | | ट | | र |
| अ | का | ल | | शू | ल | | नी | र | व | ता |
| प | | | न | | प्र | ख | र | | | र |
| रा | ल | | म | हु | वा | | स | | मी | |
| ध | ड़ | क | न | | ह | | ता | र | त | म्य |

## सूडोकु नवताल - 5728

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

■ MANGAL_SENACHA, BANGA_ORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5727 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

*रायपुर से करीब 432 किलोमीटर दूर है जगरगुंडा, जिला दंतेवाड़ा। जगरगुंडा से भी करीब 25 किलोमीटर दूर है गांव पूवर्ती। कच्चे और उबड़खाबड़ रास्तों से गुजरते हुए हरिभूमि-आईएनएच की टीम गांव पहुंची। पूवर्ती बीते चार दशक से आतंक का पर्याय बने नक्सली माड़वी हिड़मा का गांव है। एक समय पहले तक यहां नक्सलियों का राज था। हिड़मा का आतंक ऐसा था कि फोर्स उस इलाके में घुसने से कतराती थी। लेकिन अब फिजा बदल गई है। पूवर्ती के आसपास आधा दर्जन कैंप में फोर्स ने हिड़मा की दहशत को खत्म कर दिया है। हाल यह है कि पूवर्ती चार हिस्सों में बंटा है। कुल 900 लोगों के नाम राशन कार्ड में दर्ज हैं। लेकिन गांव में सौ लोग भी मुश्किल से दिखते हैं। बाकी कहां गए...? लोग अलग-अलग जवाब देते हैं।*

## फोर्स पहुंची तो राशन दुकान खुली, लेकिन नक्सलियों के हिमायती गांव छोड़ गए

# हिड़मा के गांव में राशन कार्डों में 900 नाम लेकिन गांव में मिले केवल 150, बाकी गायब

पूवर्ती से शैलेश पांडे ▶▶| हरिभूमि-आईएनएच रायपुर



पूवर्ती में यहां न न तो पेयजल के लिए हैंड पंप जैसी सुविधा है न ही पक्की सड़क। हालांकि अब इस गांव में बिजली आ गई है और एक राशन दुकान खुल गई है। हरिभूमि-आईएनएच की टीम जब गांव पहुंची तो रहवासी दहशत भरी नजर से देखने लगे। फिर जब हमने उन्हें विश्वास में लिया तो कुछ युवा हमसे बात करने के लिए तैयार हुए। गांव लोग बताते हैं कि बीते एक साल में सबकुछ बदल गया है। अब सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं। राशन मिलने लगा है। स्कूल भी खुल गया है। दवाएं भी मिलने लगी हैं। यह सब पहले कभी नहीं था, फोर्स के आने के बाद सुविधाएं आईं।



**कुछ ने खौफ में भी छोड़ा इलाका, युवा अब नहीं बनना चाहते हिड़मा जैसा नक्सली**

**एक कहानी है हिड़मा :** देवा का कहना हैं कि गांव के ज्यादातर लोगों के लिए हिडमा केवल एक कहानी है जिसके बारे में हमने बस सुना है। वो 12 साल की उम्र में नक्सलियों के दलम में शामिल हुआ उसके बाद उसने मुड़कर गांव की तरफ नहीं देखा। हालांकि कुछ बुजुर्गों का कहना है कि कभी कभार वह अपनी मां से मिलने गांव आता था। वह इस इलाके के लिए एक पहेली बना रहा। हिडमा लाल आतंक के रास्ते पर आगे बढ़ता गया और गांव उसके नाम की दहशत की वजह से पिछड़ता गया कोई भी शासकीय योजना गांव में लागू ही नहीं हो पाई।

हिड़मा की बूढ़ी मां कच्ची झोपडी में बैठी अपनी पथराई आंखों से बेटे का रास्ता निहारती रहती थी। कुछ महीनों पहले फोर्स की मूवमेंट यहां शुरू हुई और कैंप बनने लग गए। बड़े अफसर आते और हिडमा के बारे में पूछताछ करने लगे। फिर एक के एक आधा दर्जन कैंप गांव के आसपास खुल गए। इस बीच हिडमा की मां और उसके कुछ रिश्तेदार गांव से गायब हो गए। गांव में सुविधाएं शुरू होने लगीं। पहले राशन दुकान खुला जिसमें हर महीने 100 क्विंटल चांवल आता है। सीआरपीएफ ने कैंपों में स्कूल खोल दिए। गांव के कैंप में ही जरूरी दवाओं वाला अस्पताल खोला गया। गांव के युवा बात करने पर कहते हैं कि उन्हें हिडमा बनकर क्या फायदा जब अपने गांव घर का ही विकास न कर पाए..देवा, इरमा, हिड़मू जैसे कई युवा बातचीत में कहते है उन्हें रोजगार और व्यापार के लिए मदद चाहिए न कि हाथों में समाज की विपरीत दिशा में चलने वालों के दिए हथियार।

**गायब हो गए हिड़मा के रिश्तेदार**



**फोर्स की लगातार मूवमेंट के बीच दो दर्जन लोग गायब**

ग्रामीणों का ये भी कहना है कि फोर्स के लोग यहां लगातार आते हैं। पूछताछ करते हैं। फोर्स की आमद बढ़ी तो कुछ युवा गायब हो गए। वे कहां गए कोई नहीं जानता। कुछ बुजुर्ग ग्रामीणों का दावा है कि कुछ लोगों ने सरेंडर भी किया है लेकिन ग्रामीणों का कहना है फोर्स की लगातार मूवमेंट के बीच गांव के दो दर्जन लोग गायब हैं.. कोई कहता है फोर्स पकड़ के ले गई तो कोई कहता है वे भय के चलते गांव छोड़कर चले गए। लेकिन जब हमारी टीम पहुंची तो आबादी के नाम पर महज कुछ लोग ही मिले जबकि राशन के हितग्राहियों में 900 लोगों के नाम दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### चेन्नई में भारत का पहला मधुमेह बायोबैंक स्थापित

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने मद्रास मधुमेह अनुसंधान फाउंडेशन (एमडीआरएफ) के सहयोग से चेन्नई में देश का पहला मधुमेह बायोबैंक स्थापित किया है, जो वैज्ञानिक अनुसंधान को समर्थन देने के उद्देश्य से जनसंख्या आधारित जैविक नमूनों का भंडार है। चेन्नई में स्थापित बायोबैंक एमडीआरएफ का उद्देश्य आईसीएमआर की अनुमति से वैज्ञानिक अध्ययनों में सहायता के लिए जैव नमूनों को इकट्ठा करना, संसाधित करना, संग्रहित करना और वितरित करना है।



### आरोप : 'दिल्ली में भाजपा ने अवैध रोहिंग्या को बसाया'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को रोहिंग्या के मुद्दे पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में अवैध रोहिंग्या को बसाने का काम बीजेपी ने किया। सीएम ने सवाल उठाते हुए कहा कि रोहिंग्या दिल्ली के पास तो रहते नहीं थे न दिल्ली किसी बॉर्डर के पास है, फिर रोहिंग्या दिल्ली कैसे पहुंचे? आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'आज मैंने गृहमंत्री अमित शाह जी को पत्र लिखा है।



### बिना हिजाब के ऑनलाइन कॉन्सर्ट, सिंगर गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान में यूट्यूब सिंगर को बिना हिजाब पहने कॉन्सर्ट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। ईरानी अधिकारियों ने 27 वर्षीय गायिका पारस्तू अहमदी को गिरफ्तार किया है, क्योंकि उन्होंने यूट्यूब पर एक वर्चुअल कॉन्सर्ट पोस्ट किया था, जिसमें पारस्तू अहमदी ने हिजाब पहने बिना परफॉर्म कर दिया। उनके वकील के अनुसार, शनिवार को उनकी गिरफ्तारी हुई. अहमदी के ऑनलाइन कॉन्सर्ट की काफी चर्चा है। जिसमें उन्होंने चार मेल सिंगर्स के साथ एक काले रंग की स्ट्रैपी बॉडीकॉन ड्रेस में गाना गाया था।



## किसान नेता का खनौरी बॉर्डर पर 20 दिन से आमरण अनशन जारी

# डल्लेवाल से मिलने पहुंचे 'मोदी के दूत' वार्ता का प्रस्ताव ठुकराया, हालत नाजुक

*फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्जमाफी समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन जारी है। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत डल्लेवाल 20 दिन से आमरण अनशन पर हैं। उनकी हालत नाजुक होती जा रही है लेकिन उन्होंने अनशन खत्म करने से इनकार कर दिया है। खनौरी बॉर्डर पर बिस्तर पर लेटे-लेटे ही डल्लेवाल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से खुदकुशी कर रहे किसानों की जिंदगी मेरे जीवन से ज्यादा कीमती है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रविवार को केंद्रीय अफसर व पहलवान से नेता बनीं विनेश फोगाट ने खनौरी बॉर्डर पहुंचकर डल्लेवाल से मुलाकात कर उनकी तबीयत पूछी। केंद्र ने अनशनरत डल्लेवाल से मुलाकात के लिए रविवार को केंद्रीय गृह निदेशक मयंक मिश्रा को भेजा। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव, निदेशक मयंक मिश्रा को लेकर खनौरी बॉर्डर पहुंचे। किसान नेता से मीटिंग के बाद मिश्रा ने कहा कि उन्होंने किसानों की मांगों के बारे में जानकारी ली है।उन्होंने केंद्र की तरफ से वार्ता के प्रस्ताव से इंकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल की डॉक्टरी मदद के आदेश दिए थे।



**रेसलर से नेता बनी विनेश भी मिलने पहुंचीं बोलीं- देश में इमरजेंसी जैसे हालात**



### 'मोदी बड़े-बड़े भाषण देते हैं, अब भाषण देने के अलावा भी कुछ करना होगा'

बॉर्डर में विनेश ने देशभर के लोगों से हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। विनेश ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि देश में इमरजेंसी की स्थिति है और सरकार को इसका समाधान निकालना होगा। उन्होंने इस मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल दूसरों के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पंजाब, हरियाणा और पूरे देश के लोगों से इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह करती हूं। देश में आपातकाल जैसी स्थिति है। विनेश ने कहा कि सरकार को इसका हल निकालना होगा और पीएम मोदी बहुत बड़े-बड़े भाषण देते हैं, कल भी उन्होंने संसद में भाषण दिया, लेकिन अब भाषण देने के अलावा भी कुछ करना होगा। हम सभी को यह दिखाने के लिए आगे आने की जरूरत है कि हम एकजुट हैं। वहीं, किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि मांगें अभी भी वही हैं।

**नहीं सुनी जा रही हमारी बात**

बताया जा रहा है कि शनिवार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने मीटिंग की थी। इसमें प्रधानमंत्री मोदी को किसान आंदोलन की जानकारी दी गई। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल थे। पीएम मोदी के एक्टिव होने के बाद माना जा रहा है कि केंद्र की तरफ से किसानों की मांगों को लेकर कोई बड़ी घोषणा की जा सकती है।

**डल्लेवाल कैंसर से पीड़ित, नहीं खा रहे दवा**

*डल्लेवाल की सेहत को लेकर डॉक्टरों का कहना है कि उनका वजन करीब 12 किलो से ज्यादा गिर चुका है। इसके अलावा उनकी किडनी और लीवर के डैमेज होने का खतरा बढ़ गया है।डल्लेवाल कैंसर से पीड़ित हैं, और अनशन के चलते उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ रही है। बता दें कि डल्लेवाल अनशन के दौरान कोई दवा तक नहीं ले रहे हैं।*

## अब उमर ने भी लीडरशिप पर खड़े किए सवाल

# कांग्रेस को खुद साबित करना होगा गठबंधन में अपना नेतृत्व

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद, इंडिया गठबंधन में लगातार टकराव की स्थिति देखने को मिल रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयानों के बाद तो लालू प्रसाद यादव से लेकर समाजवादी पार्टी, शिवसेना और शरद पवार की तरफ से भी खुलकर इंडिया गठबंधन की लीडरशिप पर सवाल खडे.किए गए। अब कांग्रेस की पुरानी साथी नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री ने भी कांग्रेस पार्टी को सलाह दे डाली है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस को लेकर दिख रहे असंतोष पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस को गठबंधन में अपने नेतृत्व को खुद साबित करना होगा। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के चलते कांग्रेस की इंडिया गठबंधन में, सबसे अहम भूमिका है लेकिन उसे खुद अपनी जगह बनानी होगी। न्यूज़ एजेंसी पीटीआई से बातचीत में, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि संसद में सबसे बड़ी पार्टी होने तथा लोकसभा और राज्यसभा में नेता विपक्ष होने के कारण कांग्रेस की पूरे देश में प्रेजेंस है, जिस पर कोई अन्य पार्टी अपना दावा कर ही नहीं सकती है।इसीलिए कांग्रेस के नेता विपक्षी आंदोलन के स्वाभाविक प्रमुख नेता हैं।



### गठबंधन में सामंजस्य की कमी को बताया वजह

उमर अब्दुल्ला ने शरद पवार से लेकर लालू यादव तक के बयानों पर कोई सटीक जवाब तो नहीं दिया लेकिन यह जरूर कहा कि इंडिया गठबंधन में सामंजस्य की कमी है और यह एक चुनावी गठबंधन बनकर रह गया है जो कि अब धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। जम्मू कश्मीर के सीएम ने कहा कि चुनाव से अलग गठबंधन के अलग-अलग घटक दलों के बीच समय-समय पर बातचीत होनी चाहिए जिससे सभी राजनीतिक दल मुद्दों से परिचित हों और सरकार को घेरने का विस्तृत प्लान हो। नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस के सबसे पुराने सहयोगियों में से एक है और इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर बयान देना पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की खूब तारीफ की और कहा कि विपक्षी गठबंधन के भीतर सोनिया गांधी सबसे बड़े राजनीतिक कद की नेता है और वह इस इंडिया गठबंधन में एकता बरकरार रखने में सबसे अहम भूमिका निभाती हैं।

### 'ईवीएम का रोना बंद कर चुनाव नतीजों को कुबूल करें'

अब्दुल्ला ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर कांग्रेस पार्टी की आपत्ति को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'जब उसी ईवीएम से आपके 100 से अधिक सांसद चुनकर आते हैं तो आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में सेलिब्रेट करते हैं, तो आप कुछ महीनों बाद पलट कर यह नहीं कह सकते कि हमें ईवीएम से वोटिंग पसंद नहीं है, क्योंकि अब चुनाव परिणाम वैसे नहीं आ रहे जैसा हम चाहते हैं।

**सभी 70 सीटों पर आप कैंडिडेट घोषित; 26 विधायकों के टिकट काटे, 4 की सीट बदली**

# केजरीवाल नई दिल्ली, आतिशी लड़ेंगी कालकाजी से चुनाव

*अगले साल होने हैं विधानसभा चुनाव*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) की चौथी और आखिरी लिस्ट आ गई है। इसमें 38 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। सीएम आतिशी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे। आप ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। इनमें मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से जंगपुरा, राखी बिडलान की मंगोलपुरी से मादीपुर, प्रवीण कुमार की जंगपुरा से जनकपुरी और दुर्गेश पाठक की करावल नगर से राजेंद्रनगर सीट बदली गई है। 2020 में राघव चड्ढा राजेंद्रनगर से विधायक बने थे। 2022 में उनके राज्यसभा जाने के बाद से यह सीट खाली है।






### 26 विधायकों के काटे गए टिकट

दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इसी के साथ पार्टी ने इस चुनाव में 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे हैं। इस बार जिन विधायकों के टिकट कटे हैं उनमें कस्तूरबा नगर विधानसभा सीट भी शामिल है। यहां से मौजूदा विधायक मदन लाल का टिकट काट दिया गया है। आप ने यहां से रमेश पहलवान को टिकट दिया है। रमेश पहलवान रविवार को ही बीजेपी से आप में आए और उनके पार्टी में शामिल होते ही टिकट मिल गया।

### संभल : 4 मस्जिदों और 1 मदरसे ने की 1.3 करोड़ की बिजली चोरी

**लखनऊ।** संभल में शाही जामा मस्जिद के नीचे मंदिर होने को लेकर हुए विवाद और हिंसा के बीच जिला प्रशासन ने हैरान करने वाला दावा किया है। जिला प्रशासन ने रविवार को मीडिया को बताया कि पिछले साल इस इलाके में चार मस्जिदों और एक मदरसे द्वारा 1.3 करोड़ रुपये की बिजली चोरी की गई है। प्रशासन के मुताबिक ये मस्जिद और मदरसा उस "पुराने मंदिर" के नजदीक स्थित हैं जिसके बारे में शनिवार को ही पता चला था। याद दिला दें कि नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला खग्गू सराय में 46 साल से बंद पड़ा भगवान शिव का मंदिर मिला था। प्रशासन ने इस मंदिर को पूजा-अर्चना के लिए खोल दिया है।

Advertorial



**डॉ. प्रशांत पोटे**
वैस्कुलर और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट,
एन एच एम एम आई,
रायपुर

## पैरों में वरिकोज़ वेन और घाव (लेग अल्सर): जानिए क्या है, कारण और इलाज

आजकल पैरों में दर्द, सूजन और घाव जैसी समस्याएं बढती जा रही हैं। इनमें से दो आम समस्याएं हैं वैरिकोज. वेन (Varicose Vein) और पैर के अल्सर (Leg Ulcer), जो पैरों में खराब रक्त प्रवाह से जुडे. हैं। अगर इलाज न किया जाए तो ये और भी खराब हो सकते हैं।

**वरिकोज.वेन क्या हैं?**

कमजोर पैर की नसों और खराब रक्त प्रवाह के कारण होने वाली वरिकोज़ वेन, दर्द, सूजन, दिखाई देने वाली नसें और संभावित रूप से जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाले रक्त के थक्के का कारण बन सकती हैं।

**बचाव के उपाय**

★ **वजन नियंत्रित रखें:** अधिक वजन नसों पर दबाव डालता है, इसलिए वजन को नियंत्रित करना जरूरी है।

★ **व्यायाम करें:** नियमित रूप से हल्का व्यायाम जैसे चलना या तैराकी रक्त प्रवाह को बेहतर बनाता है।

★ **सही पोशाक पहनें:** तंग जूते या हाई हील्स से बचें। फ्लैट और आरामदायक जूते पहनें।

★ **संतुलित आहार लें:** विटामिन C और E, ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर आहार खाएं ताकि नसों की सेहत बनी रहे।

**वरिकोज़ वेन का इलाज**

सभी शिरा स्थितियों में चिकित्सीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। हालाँकि, जब उपचार की आवश्यकता होती है, तो प्राथमिक लक्ष्य लक्षणों से राहत देना और रोगियों को उनकी दैनिक दिनचर्या में लौटने में मदद करता है।

**उन्नत उपचार विकल्प**

वरिकोज़ वेन के उपचार में आधुनिक प्रगति ने प्रक्रियाओं को कम आक्रामक बना दिया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होना कम हो गया है, ठीक होने में कम समय लगा है, जटिलताएँ कम हुई हैं और आराम में सुधार हुआ है। इनमें से, Adhesive Therapy कई रोगियों के लिए पसंदीदा विकल्प बन गई है।

**Adhesive Therapy:**

यह खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा स्वीकृत, thermal ablation का न्यूनतम आक्रामक विकल्प एक त्वरित और आरामदायक प्रक्रिया है। इसमें compression stockings के उपयोग की आवश्यकता नहीं होती है और यह रोगियों को तुरंत अपनी दैनिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने की अनुमति देता है

**अन्य उपचार विकल्प**

वरिकोज. वेन का भी प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है:

★ रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन (आरएफए)
★ स्क्लेरोथेरेपी
★ लेजर थेरेपी

समय पर चिकित्सीय सलाह लेना हमेशा सर्वोत्तम होता है, प्रतीक्षा न करें—आज ही अपने चिकित्सक से परामर्श लें!

Healthy feet, happy life!

**Disclaimer:** Medtronic द्वारा जनहित में जारी। व्यक्त किए गए विचार डॉ. प्रशांत पोटे के स्वतंत्र विचार हैं, जो केवल सामान्य सूचना शैक्षिक उद्देश्यों के लिए हैं और कोई चिकित्सीय सलाह नहीं है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा

# 'गांधी परिवार ने ही मुझे बनाया और 'बर्बाद' किया

**10 साल में सोनिया-राहुल से एक बार मिला**

**प्रणब मुखर्जी पीएम होते तो 2014 नहीं हारते**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने अपने राजनीतिक करियर को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस पार्टी में उनके राजनीतिक करियर को गांधी परिवार ने ही आगे बढ़ाया था। इसी की दम पर वह केंद्रीय मंत्री तक बने लेकिन बाद में उसी गांधी परिवार ने उनका राजनीतिक करियर खत्म भी कर दिया। विवादास्पद बयानों के लिए जाने जाने वाले अय्यर ने कहा कि 10 साल में मुझे सोनिया गांधी से मिलने का मौका भी नहीं दिया गया। मैं उनसे केवल एक बार मिला हूं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ भी मेरी कोई मीटिंग नहीं हुई। हालांकि प्रियंका गांधी के साथ मेरी फोन पर बात होती रहती है इसलिए मैं उनके संपर्क में हूं। अय्यर ने कहा कि मेरे जीवन की बिडंबना देखिए कि मेरे राजनीतिक करियर का ग्राफ गांधी परिवार की वजह से ही बढ़ा और अब उसी परिवार की वजह से यह नीचे आ गया है।



### कुछ भी हो जाए नहीं जाऊंगा भाजपा में

विवादित बयानों की वजह से पार्टी से कई बार निष्कासित कर दिए गए अय्यर ने कहा कि मैं मानता हूं कि राजनीतिक पार्टियों में ऐसा ही होता है।मुझे अब कांग्रेस पार्टी से बाहर रहने की आदत हो गई है। लेकिन मैं मानता हूं कि मैं आज भी कांग्रेस का सदस्य हूं। मैं कभी नहीं हटूंगा और निश्चित तौर पर मैं भाजपा में नहीं जाऊंगा।

### ...तो कुछ और होते 2014 के नतीजे

अय्यर बोले- प्रणब मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो चुनाव बुरी तरह नहीं हारते अय्यर ने बताया कि प्रणब मुखर्जी को उम्मीद थी कि उन्हें देश का प्रधानमंत्री और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाएगा। यदि मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह नहीं हारती।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत मामले की जांच के बाद तुमगांव पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 1 दिसंबर को मृतक भांवर सिंह यादव पिता डेरहा राम यादव (65 वर्ष) जोबा अपने घर से अपने भैंसों को गांव के तालाब में धोने के लिए ले जा रहा था। करीब 5.40 बजे भोरिंग, समोदा रोड स्थित लिलेश्वर यादव के घर के सामने पहुंचने पर वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएल 8659 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया।

### सायकल सवार को बस ने मारी टक्कर, हुई मौत

**महासमुंद।** सायकल से चंदखुरी जा रहे एक व्यक्ति को बस ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामला सरायपाली थाने का है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि चंद्रमणि चौहान पिता टेंगनु चौहान (55 वर्ष) लिमऊगुडा 12 दिसंबर को अपने सायकल से चंदखुरी जा रहा था, तभी लिमऊगुडा मोड़ के पास करीब दोपहर 2 बजे पहुंचा था कि ग्राम मुंधा की ओर से आ रही बस क्रमांक सीजी 06 डी 9539 के चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मृतक के सायकल को पीछे से ठोकर कर मारकर एक्सीडेंड कर दिया।

## अच्छी खबर : सिकासार दल में हाथियों की संख्या बढ़कर हो गई 30

# हाथियों के दल में आया नया मेहमान शावक को चारों तरफ से घेरे रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अलग खबर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व जंगल क्षेत्र से एक खुशखबरी निकल कर सामने आई है। हाथियों के दल में एक नया मेहमान आया है। नए शावक को हाथियों के दल ने घेरकर रखा है। शावक आने की जानकारी लगते ही वन विभाग द्वारा हाथियों की सुरक्षा को लेकर गश्त बढ़ा दी गई है।

ज्ञात हो कि लगभग एक माह पूर्व टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पोटाश बम चबा लेने के कारण एक हाथी के शावक का इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसके आरोपियों को कल ही वन विभाग ने गिरफ्तार कर तीन लोगों के उपर कार्रवाई की है। वहीं दूसरी ओर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व से एक सुकून और खुशखबरी वाली खबर निकल कर सामने आई है।

सिकासार दल के नाम से जाने जाने वाला हाथी के दल में एक नया मेहमान कल शनिवार को आया है। नया मेहमान आने की जानकारी लगते ही वन विभाग के असफसर एवं अधिकारी कर्मचारी लगातार हाथियों के सुरक्षा को लेकर पहले से ज्यादा सर्तकता बरती जा रही है। अब हाथियों के दल में फिर नया मेहमान आने से संख्या 30 हो गई है। हाथियों का दल शावक को चारों तरफ से घेर कर अपनी सुरक्षा में रखे हुए है।

**वन विभाग ने हाथियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ाई गश्त**



### नया मेहमान आया : जैन

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने इस खबर की पुष्टी करते हुए बताया उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में विचरण कर रहे सिकासार दल हाथियों में एक नया मेहमान आया है। हाथियों का दल शावक को अपनी सुरक्षा में चारों तरफ से घेर कर चल रहे हैं। उन्होने आगे कहा वन विभाग द्वारा भी हाथी के शावक के सुरक्षा के लिए पूरी तरह मुश्तैदी बरती जा रही है।

# सोशल मीडिया में फेक प्रोफाइल बनाकर युवती से लाखों की ठगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादी डाट काम पर फेक प्रोफाईल बनाकर एक युवती से आरोपी ने 15,72,000 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। इस मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दिल्ली से सायबर ठगी नाईजीरियन को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। एक महिला आरोपी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 जुलाई को प्राथिर्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी द्वारा शादी डाट काम की प्रोफाईल आईडी आलोक देशपांडे के नाम से प्राथिर्या से विवाह के संबंध में बात कर स्वयं को युनाईटेड किंगडम में कार्यरत होना, भारत वापस लौटकर प्राथिर्या से शादी कर घर बसाने की बात कही गई। 11 जुलाई को प्राथिर्या के पास एक महिला द्वारा फोन कर बताया कि आलोक देशपांडे भारत में दिल्ली एयरपोर्ट में विदेशी मुद्रा के साथ आए हैं, उस मुद्रा को भारतीय मुद्रा में एक्सचेंज करने के लिए प्रक्रिया के तहत फीस जमा करनी होगी। उसी दौरान अज्ञात आरोपी आलोक देशपांडे ने भी प्राथिर्या को कॉल कर बोला कि पैसों की अर्जेन्ट जरूरत है। साथ ही लगातार इमोशनल ब्लेकमेलिंग कर विभिन्न बैंक खातों में कई किस्तों मे कुल 15,72,000 रुपए प्राथिर्या से डलवाकर ठगी कर लिया है। प्राथिर्या की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### टूरिस्ट वीजा पर आया था

आरोपी जॉनसन सेमुअल सितंबर 2018 को टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। जिसके वीजा तिथि 2022 को ही समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में अनाधिकृत रूप से रह रहा था। जिसकी सूचना पत्र के माध्यम से घाना गणराज्य के दूतावास कार्यालय में दी गई है।

# 25 लाख के 5 इनामी नक्सलियों का सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

- 8-8 लाख के इनामी नक्सली दंपति भी शामिल

बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रविवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। 25 लाख के पांच इनामी हार्डकोर नक्सलियों ने एसपी किरण चव्हाण के सामने सरेंडर कर दिया। इसमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली पर 8-8 लाख, एक पुरुष नक्सली पर 5 लाख एवं दो महिला नक्सलियों पर 2-2 लाख रुपए का इनाम था। बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस के बढ़ते दबाव और शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 8 लाख की इनामी 20 साल की धन्नी उर्फ कलमू जोगी, 8 लाख के इनामी सोनू उर्फ अभय, 5 लाख के इनामी मौसम महेश, 2 लाख की इनामी हेमला मुन्नी और 2 लाख की इनामी माड़वी पोज्जे शामिल हैं।



एसपी किरण चौहान ने बताया कि नियद नेल्लानार और छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति का असर दिख रहा है। इन नीतियों से प्रभावित होकर आज 5 हार्डकोर माओवादियों ने सरेंडर किया है। जिनमें एक दंपति भी शामिल हैं। इन माओवादियों के ऊपर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर करने वाले सभी माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आत्मसमर्पित नक्सलियों को जल्द सभी सुविधाएं शासन की तरफ से मुहैया कराई जाएगी। नक्सलियों से अपील है कि माओवाद का दामन छोड़कर सरेंडर कर सामान्य जीवन व्यतीत करें।

# हाइवा ने बाइक सवार युवक-युवती को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में भाठागांव भखारा मोड़ एफसीआई गोदाम के पास रेत से भरा हाइवा पल्सर बाइक को पीछे से टक्कर मार उसमें बैठी युवती को रौंदते हुए निकल गया। युवती की हालत गम्भीर बताई जा रही है। वहीं चालक घायल हो गया है। दोनों को रायपुर रिफर किया गया है। पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर भखारा रोड की ओर से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीओ7741 में सवार होकर युवक -युवती आ रहे थे। तभी नेशनल हाईवे में भाठागांव एफसीआई गोदाम के पास रायपुर जाने यू- टर्न ले रहे थे। इसी दौरान करीब दो बजे महानदी से रेत भरकर कुरुद की ओर से भिलाई की ओर जाने निकले हाइवा क्रमांक सीजी 04 ए एच5417 के चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे बाइक में सवार युवती की कमर हाइवा के पहिए से बुरी तरह कुचला गई। वहीं चालक भी गिरकर घायल हो गया। हादसे को देखकर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। किसी ने कुरुद पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले नेशनल हाईवे निर्माण में लगे कर्मचारी अपने वाहन से दोनों को अस्पताल ले गए। युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है।



epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

हमारा अशियाना



रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अर्जेन्ट आवश्यकता है** - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-6437)

**आवश्यकता है-** HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ केलिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेंन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर Mob - 8085435101, 7509025000. (RO-6448)

**आवश्यकता है-** धनोरा दुर्ग में फैमिली वाला गार्ड की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध है संपर्क करें:- 9669666601, 9754144001.(आरो -1850)

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** OCEAN COMPANY को ऑफिस हेतु 10 से ग्रेजुएट 18 से 28 वर्ष के युवक /युवतीयों की आवश्यकता हे, आय 8500 से 18000 + रहना खाना , संपर्क करे, धरमपुरा ,जगदलपुर, 9644490606, 8818877409.(RO-2451)

**आवश्यकता है-** देवपुरी रायपुर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 26 वर्ष के अविवाहित युवको की आवश्यकता है सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 संपर्क करें मोबाइल:- 918448107841, 9302708426. (RO-3155)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम** सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए। अंगुल उड़ीसा मे ऑटोमैटिक गाड़ी के लिए फुलटाइम अनुभवी ड्राइवर की, जिसको लंबी दूरी की ड्राइविंग का अनुभव हो। सैलरी 12000 प्लस बोनस,रहना, खाना, मेडिकल, मोबाइल फ्री। संपर्क :- 7470575373.(आरो न.-7152)

**आवश्यकता है-** टाटा एस चलाने हेतु अविवाहित ड्राइवर चाहिए दिन व रात शिफ्ट हेतु - 4 पद आकर्षक वेतन रहने व खाने की सुविधा साथ ही ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है। दोनों पद हेतु आयु सीमा 18 से 30 वर्ष इच्छुक संपर्क करें. 77720- 00594.(RO-1242)

### पीयून

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु पीयून की आवश्यकता है। मेल या फीमेल सदाफल देव आश्रम के सामने महादेव घाट रोड, रायपुर आकर्षक वेतन मोबाइल नंबर- 7804978068.(RO-2452)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** कामवाली चाहिए घर में काम करने एवं बच्चा संभालने हेतु बाई की आवश्यकता है सेक्टर 5 देवेंद्र नगर मोबाइल- 9826136230.(RO-6447)

### केयर टेकर/नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** घर पर ही रहकर बुजुर्ग एवं पेशेंट की देखभाल हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता- 10वी, 12वी, जी.एन.एम, ए.एन.एम, बी.एस.सी नर्सिंग, ड्यूटी 10 घंटे एवं 24 घंटे, स्थान- दुर्ग, भिलाई मो.- 8770891489. (आरो न.-641)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533. (RO-440)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### वेटर/कुक

**आवश्यकता है-** बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर एवं इंडियन कुक की आवश्यकता है अनुभवी ही संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें। विनार बार एंड रेस्टोरेंट लिंक 1 के.के. रोड मोबाइल- 9713577672 रायपुर (RO-2453)

### इंचार्ज/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ट्रांसपोर्ट इंचार्ज-02 पद, बस चालक - 04 चार (पांच वर्ष के अनुभव व बैज सहित लाइसेंस धारी) टाटा मैजिक/ टाटा विंगर-05 कंडक्टर्स- 06 (महिला/ पुरुष) गार्ड-02 पद मदर्स प्राइड हा. से. स्कूल 01, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) संपर्क- 8839783922, 7389358588. (RO-108)

### कस्टमर हैंडल कार्य

**आवश्यकता है-** बेकरी शॉप में कस्टमर हैंडल करने युवक तथा अन्य कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। संपर्क करें: न्यू हीरा बेकरी, टिकरापारा, रायपुर। मोबाईल 9754178006. (RO-332)

### सेल्स/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** न्यू मोबाइल, कवर, स्क्रीन गार्ड, एसेसरीज, दिखाने एवं बेचने 2-पद तथा मार्केटिंग हेतु सेल्समैन 2-पद एवं 1 कार ड्राइवर की (आकर्षक वेतन) बायोडाटा के साथ संपर्क करें:- अबाबा मोबाइल, मेनरोड, तेलीबांधा 7869999902.(RO-3158)

### पैकिंग/सेल्स कार्य

**आवश्यकता है-** ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं सेल्स कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (RO-385)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है** - दुकान / गोडाऊन कार्य हेतु 5 वीं पास मेहनती लड़कों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र , शॉप नंबर 124, एस. के. प्लाजा, बॉम्बे मार्केट रायपुर (RO-1625)

हरिभूमि

### सेल्समेन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3157)

### अन्य

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.(RO-816)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALI-FICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537.(RO-751)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जुला 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% par day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail-response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867



# फिर रेड मारने को तैयार अजय रिलीज डेट से उठा पर्दा...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में है। इसी बीच अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म 'रेड 2' की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर रेड 2 की अपडेट शेयर की है। अजय ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू होगा। रेड 2,1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है।



लाइफ Style

# प्रियंका
## काम पर फोकस करना है रिश्ते में नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार बन चुकी है। इन दिनों एक्ट्रेस फिल्म 'सिटाडेल सीजन 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने चर्चा करते हुए फिल्म डॉन का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा कि 'डॉन' में काम करते हुए उन्होंने ताई ची सीखी थी ताकि अपने रोल को काफी अच्छे से निभा सकें।

प्रियंका चोपड़ा के इस बयान को शाहरुख खान संग उड़ी अफेयर की अफवाहों से जोड़ा जा रहा है। बता दें कि, फिल्म डॉन की शूटिंग के दौरान ऐसी खबरें थी कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि शाहरुख खान ने इन अफवाहों पर कभी रिएक्शन नहीं दिया। प्रियंका चोपड़ा ने 'डॉन' में रोमा का किरदार निभाया था। फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने 2006 में शाहरुख़ ख़ान के साथ 'डॉन' का रीमेक बनाया था। फरहान अख्तर ने हाल ही में 'डॉन 3' की घोषणा की, जिसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी लीड रोल में नजर आएंगी। हालांकि फिलहाल फिल्म को लेकर मेकर्स की तरफ से कोई अपडेट साझा नहीं किया गया। प्रियंका ने इवेंट के दौरान शाहरुख खान संग फिल्म डॉन का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के लिए कड़ी मेहनत की है। प्रियंका ने आगे यह भी कहा, लोगों को 'डॉन' में मुझे एक्शन करते हुए देखना बहुत अच्छा लगा। उस फिल्म में एक्शन सीक्वेंस में बहुत ट्रेनिंग की गई थी, और मैंने थोड़ा खून चखा। मुझे हथियार हाथ में लेकर अपने देश की रक्षा करते हुए बहुत अच्छा लगता है; और मैं क्या कह सकती हूं?

हॉलीवुड मसाला



# टीजर व रिलीज डेट से उठा पर्दा

**मुंबई।** सीरीज 'द व्हील ऑफ टाइम' के सीजन 3 का टीजर और रिलीज की तारीख प्राइम वीडियो ने जारी कर दी है। तीसरे सीजन का प्रीमियर 13 मार्च 2025 को वैश्विक स्तर पर होगा। टीजर का खुलासा ब्राजील के साओ पाउलो में सीसीएक्सपी24 के थंडर स्टेज पर किया गया। शो के रनर राफे जुडकिंस और कास्ट मेंबर जोशा स्ट्रैडोव्स्की (रैंड अल'थोर) और मैडेलीन मैडेन (एग्वेने अल'वेरे) ने एक पैनल में भाग लिया, जिसमें होस्ट एलाइन डिनिज और इकारो कादोशी के साथ एक मजेदार और व्यावहारिक बातचीत हुई।




# सेलेना ने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से कर ली सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर सेलेना गोमेज़ और बेनी ब्लांको ने सगाई कर ली है! सिंगर ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने अपनी खूबसूरत सगाई की अंगूठी का भी शानदार फोटो पोस्ट किया। फोटो साझा करते हुए सेलेना ने लिखा, अब से हमेशा के लिए शुरू होता है... जबकि बेनी ने कमेंट किया, अरे रुको... वह मेरी पत्नी है। बता दें कि, बेन का जन्म 8 मार्च 1988 को यूएस में हुआ था। वह एक अमेरिकन रेकॉर्ड प्रोड्यूसर, सॉन्ग राइटर हैं। कपल को कई बार एक साथ देखा गया है। वह अपनी गर्लफ्रेंड सेलेना के साथ भी कई सारे गाने लिख चुके हैं। बेनी से पहले सेलेना कई बड़े स्टार्स को डेट कर चुकी हैं। जिसमें निक जोनस, जस्टिन बीबर, और चार्ली पुट हैं। फोटो में, सेलेना ने अपनी बड़ी ओवल कट हीरे की रिंग फ्लॉन्ट करते हुए नजर आईं।



# बागी-4 में नजर आएंगी मिस यूनिवर्स...

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'बागी 4' को लेकर हर दिन कोई ना कोई अपडेट सामने आ रहा है। इस फिल्म में संजय दत्त और सोनम बाजवा की एंट्री पहले ही हो चुकी हैं, जिसके बाद अब एक और एक्ट्रेस का नाम सामने आया है। मिस यूनिवर्स 2021 का खिताब जीतकर देश का नाम रोशन करने वालीं हरनाज संधू अब फिल्म 'बागी 4' के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। इसकी जानकारी उन्होंने खुद फैंस के साथ शेयर किया है। यह फिल्म अगले साल 2025 को 5 सिंतबर के दिन रिलीज होगी। सुष्मिता सेन के बाद मिस यूनिवर्स का ताज अपने सिर पहनने वाली हरनाज संधू अपनी खूबसूरती के लिए दुनियाभर में फेमस हैं। वहीं अब वो बतौर एक्ट्रेस अपनी शुरुआत के लिए तैयार हैं, वो नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट की फिल्म बागी 4 में बतौर हीरोइन एंट्री लेने वाली हैं।



# इस वर्ष सबसे ज्यादा सर्च की गई स्त्री-2

**मुंबई।** राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म स्त्री 2 , वर्ष 2024 में गूगल पर सबसे अधिक सर्च की जानेवाली फिल्म बन गयी है। गूगल ने अपनी लिस्ट जारी की है जिसमें सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली फिल्म में स्त्री 2 ने बाजी मार ली है। इस फिल्म को लोगों ने गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया है। बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता के बाद, निर्माता दिनेश विजान की फिल्म स्त्री 2 ने अपना सर्वोच्च स्थान बरकरार रखा है। फिल्म की अपार लोकप्रियता और भी पुख्ता हो गई है क्योंकि यह आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय फिल्मों की सूची में दूसरे स्थान पर है। अमर कौशिक निर्देशित, फिल्म स्त्री 2 ने हास्य और हॉरर के अपने अनूठे मिश्रण के लिए प्रशंसा बटोरी है।

टीवी मसाला



# इस दिन होगा बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले...

नई दिल्ली। टीवी का पॉपुलर रिएलिटी शो 'बिग बॉस 18' जब जल्द ही खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। शो को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। खबर है कि शो के ग्रैंड फिनाले की तारीख सामने आ गई है। आपको बता दें कि 'बिग बॉस 18' इस समय सुर्खियों में छाया हुआ है। शो में हो रहे टास्क दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं और घरवाले भी गेम को जीतने के लिए पूरे दिमाग से खेल रहे हैं। लोगों को इस समय शो के ग्रैंड फिनाले का बेसब्री से इंतजार है। बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले आगामी 19 जनवरी 2025 को है।

***कब होगा बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले :*** इस बीच बिग बॉस 18 के ग्रैंड फिनाले की डेट सामने आ गई है। ऐसे में शो को उसके 18वें सीजन का विनर जल्द ही मिल जाएगा। बिग बॉस से जुड़े अपडेट शेयर करने वाले एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसमें शो के फिनाले की डेट की अनाउंसमेंट की गई है। इसमें लिखा है कि बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले आगामी 19 जनवरी 2025 को है।

***बिग बॉस 18 से जुड़ा पोस्ट हुआ वायरल :*** बिग बॉस 18 से जुड़ा ये पोस्ट इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्ट को अब तक 75 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं। हालांकि, ये ऑफिशियल जानकारी नहीं है और मेकर्स ने भी अभी तक शो के ग्रैंड फिनाले को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया है।

### मेकर्स की तरफ से मिलेगी ऑफिशियल जानकारी

ऐसे में ये कहा नहीं जा सकता कि बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी 2025 को ही होगा। अभी मेकर्स की तरफ इस पर ऑफिशियल जानकारी आना बाकी है। वहीं अब इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

### कौन होगा शो का विनर

आपको बता दें कि बिग बॉस के अब तक 17 सीजन हो चुके हैं और इस बार शो का 18वां सीजन चल रहा है। इस बार शो कौन जीतेगा इसको लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही हैं। फैंस में विनर के नाम को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। लोगों की वोटिंग से कई सारे नाम सामने आ रहे हैं लेकिन असली विनर का नाम ग्रैंड फिनाले के दिन ही पता चलेगा।

# गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की गईं एक्ट्रेस हिना खान



**मुंबई।** साल 2024 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। इस बीच गूगल ने इस साल सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली हस्तियों की लिस्ट जारी कर दी है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में केवल तीन भारतीय स्टार्स शामिल हैं, जिनमें टीवी एक्ट्रेस हिना खान, तेलुगू एक्टर पवन कल्याण और निम्रत कौर का नाम शामिल हैं। दरअसल, गूगल की 2024 की ग्लोबल सर्च लिस्ट में हिना खान को पांचवें नंबर पर जगह मिली है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 2024 की टॉप सर्च लिस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, मुझे बहुत से लोग इस नई उपलब्धि पर बधाई दे रहे हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही गर्व करने वाली कोई बात है। एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि किसी का हेल्थ प्रॉब्लम्स या विवादों के कारण ऑनलाइन सर्च किया जाना कोई अचीवमेंट नहीं होता। मैं चाहती हूं कि मुझे मेरी मेहनत और उपलब्धियों के लिए पहचाना जाए, न कि किसी और कारण से।'

# बाय-बाय 2024 : दीपिका पादुकोण से लेकर रश्मिका तक इन एक्ट्रेसेस ने बनाई ग्लोबली पहचान ...

**मुंबई।** बीत रहे वर्ष 2024 में, इंडियन एक्ट्रेसेस ने दुनिया भर में अपनी टैलेंट और चार्म का जलवा बिखेरा है। सिनेमा से लेकर फैशन और इंटरनेशनल कोलेबोरेशन तक, इन महिलाओं ने अपनी काबिलियत साबित की है और भारत को गर्व महसूस कराया है। इसमें कई एक्ट्रेस शामिल हैं।



**दीपिका पादुकोण :** दीपिका ने इतिहास ने साल की शुरूआत में बीएएफटीए अवाड्र्स में शामिल हुई थी। इसके साथ इस मंच पर पहुंचने वाली वो पहली इंडियन बनीं। उन्हें डीडलाइन हॉलीवुड डिसरप्टर्स की लिस्ट में इकलौती भारतीय डिसरप्टर के रूप में जगह मिली, जो उनकी ग्लोबल इंपैक्ट को दिखाता है। अपनी फिल्मों के दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर हिट हुईं।



**आलिया भट्ट :** बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट 2024 के पेरिस फैशन वीक में डेब्यू करने जा रही हैं। वो लोरियल पेरिस ब्रांड की ग्लोबल एम्बेसेडर के रूप में ले डेफिले लोरियल पेरिस के रैंप पर मशहूर प्लेस प्लेस डे लोपेरा में वॉक किया। इसके अलावा, इस साल मेट गाला 2024 में उन्होंने सब्यसाची साड़ी पहनकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। फिल्मों में भी उनका जलवा रहा।



**कृति सेनन :** कृति ने एफ सिल्वरस्टोन इवेंट में सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। साथ ही लंदन फैशन वीक में अपनी स्टाइल से सबको इम्प्रेस कर दिया। पेपे जींस की ब्रांड एम्बेसेडर बनकर कृति ने फैशन की दुनिया में अपनी पहचान और मजबूत की है। उनकी को-प्रोडक्शन 'दो पट्टी' ने ग्लोबल ट्रेंड सेट किया, जो उनकी क्रिएटिव सोच और बिजनेस स्किल्स को दिखाती है।

**रश्मिका मंदाना :** रश्मिका ने मिलान फैशन वीक में दो बार भारत का नाम रोशन किया है और अपनी पोजीशन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। पुष्पा 2 की जबरदस्त सफलता के साथ, फिल्म ने 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई अपने नाम की है। इस तरह से रश्मिका ने खुद को इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी हीरोइन के रूप में स्थापित कर लिया है।



**श्रद्धा कपूर:** श्रद्धा कपूर ने अबू धाबी ग्रैंड प्रिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो एक बड़ा इवेंट है और इसमें दुनियाभर के फिल्म, फैशन और स्पोर्ट्स से जुड़े लोग आते हैं। उन्होंने रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी अपनी शानदार मौजूदगी दिखाई। घर लौटने के बाद, श्रद्धा ने अपनी फिल्म 'स्त्री 2' की ब्लॉकबस्टर सफलता का जश्न मनाया, जिससे बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा सितारों में उनकी जगह और पक्की हो गई।



**जैकलीन फर्नांडीज:** जैकलीन फर्नांडीज का ये साल बहुत शानदार रहा। उन्होंने जीन-क्लाउड वैन डैम के साथ किल्म 2 में काम किया। जो इंटरनेशनल पहचान हासिल कर चुका है। उनका गाना स्टॉर्मराइडर ग्लोबल हिट बन चुका है और उनकी वर्सेटेलिटी को सराहा गया है।

## 2003 में गंगोत्री के साथ मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत की

# बाल कलाकार से 'पुष्पा' के फायर तक अल्लू अर्जुन का खूबसूरत सफर

### फिल्मी परिवार की पैदाइश हैं अल्लू

चेन्नई में 8 अप्रैल 1982 को जन्मे अल्लू अर्जुन एक ऐसे परिवार से हैं जो सिनेमा से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके पिता मशहूर निर्माता अल्लू अरविंद हैं और उनके दादा मशहूर कॉमेडियन अल्लू रामलिंगैया थे। वह अपनी मौसी सुरेखा और मेगास्टार चिरंजीवी के ज़रिए तेलुगु स्टार राम चरण से भी जुड़े हैं।

### एक बाल कलाकार के रूप में काम शुरू किया था

अल्लू अर्जुन ने 1985 में चिरंजीवी की विजेता में एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय की शुरुआत की। उन्होंने 2003 में गंगोत्री के साथ मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत की। उन्हें सफलता सुकुमार द्वारा निर्देशित आर्या से मिली, जिसने उन्हें एक स्टार के रूप में स्थापित किया। बन्नी, देसमुदुरु और वेदम जैसी बाद की हिट फिल्मों ने इंडस्ट्री में उनकी स्थिति को मजबूत किया।



*__मुंबई।__ तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन गुरुवार को दिल्ली में पुष्पा 2: द रूल की सफलता का जश्न मना रहे थे, जिसने केवल छह दिनों में 1,000 करोड़ रुपये कमाकर इतिहास रच दिया है। हालांकि, शुक्रवार को फिल्म के प्रीमियर के दौरान एक दुखद घटना के कारण उन्हें अपने हैदराबाद स्थित घर पर गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में लोअर कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। हालाँकि, तेलंगाना उच्च न्यायालय ने कुछ ही समय बाद उन्हें चार सप्ताह की अंतरिम ज़मानत दे दी।*

### पुष्पाः द राइज़

पुष्पाः द राइज़ में अल्लू अर्जुन ने पुष्पराज का किरदार निभाया था, जो एक मजदूर था और चंदन तस्कर बन गया था। उनके किरदार का संवाद 'झुकेगा नहीं' लोगों की जुबान पर चढ़ गया है। यहां तक कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुष्पराज की दाढ़ी घुमाने की खास शैली की नकल की थी।

### अखिल भारतीय स्टारडम

वर्ष 2020 में अला वैकुंठपुरमुलु के साथ उनकी अखिल भारतीय पहचान बढ़ गई। हालाँकि इसका हिंदी रीमेक पहले ओटीटी रिलीज़ के कारण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया, लेकिन इसने उनकी अगली बड़ी हिट के लिए मंच तैयार कर दिया। 2021 में रिलीज़ हुई पुष्पाः द राइज़ ने उन्हें यादगार संवादों और प्रतिष्ठित हाव-भावों के साथ देश भर में प्रसिद्धि दिलाई।

## खबर संक्षेप

### एलआईसी ने एनएमडीसी में दो प्रतिशत हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी दो प्रतिशत घटा दी है। सौदे के बाद, सरकारी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी में एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 5.6 प्रतिशत रह गई है, जो पहले 7.6 प्रतिशत थी।

### रिलायंस की इकाई हैमलीज ने इटली में खोला चौथा स्टोर



**नई दिल्ली।** रिलायंस के स्वामित्व वाली ब्रिटेन की खुदरा खिलौना श्रृंखला हैमलीज ने वैश्विक विस्तार के तहत इटली में अपना चौथा स्टोर खोला है। नया स्टोर टोरे अन्नुंजियाटा में खोला गया है, जो कि कैंपानिया क्षेत्र में स्थित है। इसे इटली की प्रमुख खिलौना विनिर्माता और वितरक जिओची प्रीजियोसी के सहयोग से खोला गया है।

### स्पाइसजेट ने भविष्य निधि मद में 160 करोड़ चुकाया




**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने दो साल से कर्मचारी भविष्य निधि मद में बकाया 160.07 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रही एयरलाइन ने हाल ही में 3,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जिसके बाद वह वैधानिक, जीएसटी (माल और सेवा कर) और अन्य बकाये का भुगतान कर रही है।

### आयात बढ़ने व मांग घटने से तेल तिलहन के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** नवंबर के महीने में खाद्य तेलों का आयात 39 प्रतिशत बढ़ने और मांग कमजोर रहने के बीच बीते सप्ताह देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। इस गिरावट के चलते सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम नुकसान के साथ बंद हुए।

# लोन नहीं चुका पाने वालों में अनिल अंबानी, जिंदल, जेपी समेत कई शीर्ष उद्योगपति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ कई कंपनियां लोन न चुका पाने के कारण दिवालियापन प्रक्रिया से गुजर रही

लोन न चुका पाने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। एक अंग्रेजी अखबार की एक रिपोर्ट के मुताबिक टॉप 100 डिफॉल्टरों के पास कुल एनपीए का 43 फीसदी हिस्सा है। यह जानकारी आईटीआर के माध्यम से जुटाई गई है।

इसमें बताया गया है कि लोन न चुका पाने वालों में मार्च 2019 तक मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और कंस्ट्रक्शन सेक्टर से जुड़ी कंपनियां सबसे ऊपर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जिन 100 कंपनियों के पास एनपीए का 43 फीसदी से ज्यादा हिस्सा था, उनमें से 30 उधारकर्ताओं के पास कुल एनपीए का 30 फीसदी से अधिक हिस्सा था। रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के पास 31 मार्च 2019 तक 9.33 लाख करोड़ रुपए का एनपीए था। यह भारत की बैंकिंग प्रणाली के इतिहास में साल 2018 के बाद दर्ज की गई दूसरी सबसे अधिक खराब ऋण राशि है।

## एनपीए में टॉप डिफॉल्टर 100 कंपनियों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से ज्यादा

### टॉप डिफॉल्टर में कौन कंपनी शामिल?

देश की टॉप डिफॉल्टर कंपनी में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस भी शामिल है। अलग-अलग सेक्टर के अनुसार टॉप डिफॉल्टर में एनर्जी/पावर से केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड, मैन्युफैक्चरिंग से भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड, रियल एस्टेट/कंस्ट्रक्शन से जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड और टेलीकॉम से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड शामिल हैं।



*हर साल बढ़ता गया एनपीए : एनपीए की रकम हर साल बढ़ती गई। रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च 2015 को कुल एनपीए 3.23 लाख करोड़ रुपए था। यह 31 मार्च 2018 तक बढ़कर 10.36 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो अब तक का सबसे अधिक था। अगले साल इसमें कुछ गिरावट आई।*

### अंबानी समेत कई कंपनियां दिवालिया प्रक्रिया में

जांच के मुताबिक कई कंपनियां दिवालियापन की प्रक्रिया में हैं। इनमें अनिल अंबानी वाले रिलायंस ग्रुप की भी कंपनी शामिल हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार ये कंपनियां दिवालियापन की प्रक्रिया में हैं। रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड, रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड। इनके अलावा रिलायंस ग्रुप की कम से कम दो सहायक कंपनियां शामिल है।

### लोन डिफॉल्टर्स में तीन सेक्टर सबसे ऊपर

रिपोर्ट के मुताबिक मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और कंस्ट्रक्शन सेक्टर से जुड़ी लोन न चुका पाने से सबसे ऊपर हैं। इन तीनों सेक्टर की सिर्फ 15 कंपनियों पर इन टॉप 100 कंपनियों के कुल कर्ज का 50 फीसदी (4.58 लाख करोड़ रुपए) से अधिक कर्ज है।

### इतना लोन हुआ एनपीए?

रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन कंपनियों का लोन एनपीए घोषित किया गया है, उनमें शामिल टॉप 100 कंपनियों के एनपीए 4.02 लाख करोड़ रुपए रहा। यह कुल एनपीए का करीब 43 फीसदी है। जांच से यह भी पता चलता है कि टॉप 100 बैंक डिफॉल्टर्स पर 31 मार्च 2019 तक कुल 8.44 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था और इसमें से लगभग आधे को खराब ऋण या एनपीए घोषित किया गया था। टॉप 100 बैंक डिफॉल्टर्स में प्रमुख उद्योगपतियों की ओर से संचालित विभिन्न क्षेत्रों की बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

## यूरोपीय शोध संस्थान की मासिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

# छूट में कमी के बाद नवंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटा

■ नवंबर में घटकर जून 2022 के बाद सबसे निचले स्तर पर

■ नवंबर में रूस से आयात में 55 प्रतिशत की भारी गिरावट आई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नवंबर में घटकर जून, 2022 के बाद के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। एक यूरोपीय शोध संस्थान की मासिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। हालांकि, इसके बावजूद रूस अब भी भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है।*

रूस द्वारा फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। रूस से भारत की कच्चे तेल की खरीद एक प्रतिशत से कम होती थी, जो बढ़कर 40 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से इसलिए हुई क्योंकि रूसी कच्चा तेल छूट पर उपलब्ध था।

### कच्चा तेल कम कीमत पर मिल रहा था

मूल्य सीमा और यूरोपीय देशों द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने से बचने की वजह से यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अन्य कच्चे तेल से कम कीमत पर मिल रहा था। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा, नवंबर में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में 55 प्रतिशत की भारी गिरावट आई। यह जून, 2022 के बाद का सबसे निचला आंकड़ा है।



### रूस से कच्चे तेल का 37 प्रतिशत भारत ने खरीदा

रूस अब भी भारत के लिए सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। रूस के बाद इराक और सऊदी अरब का स्थान है। सीआरईए ने बिना कोई सटीक आंकड़े दिए कहा, रूस के कच्चे तेल निर्यात का 47 प्रतिशत चीन ने खरीदा है। उसके बाद भारत (37 प्रतिशत), यूरोपीय संघ (छह प्रतिशत) और तुर्किये (छह प्रतिशत) का स्थान है।

### चीन ने रूस से कोयला निर्यात का 46 फीसदी खरीदा

सीआरईए के अनुसार, पांच दिसंबर, 2022 से नवंबर, 2024 के अंत तक चीन ने रूस के सभी कोयला निर्यात का 46 प्रतिशत खरीदा। उसके बाद भारत (17 प्रतिशत), तुर्किये (11 प्रतिशत), दक्षिण कोरिया (10 प्रतिशत) और ताइवान (पांच प्रतिशत) शीर्ष पांच खरीदारों की सूची में शामिल हैं।

**अब भी भारत के लिए रूस कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्रोत**

### भारत को ईएसपीओ व सोकोल ग्रेड का तेल बेचा जाता है

रूस द्वारा भारत को मुख्य रूप से ईएसपीओ और सोकोल ग्रेड का कच्चा तेल बेचा जाता है। कच्चे तेल के अलावा भारत ने रूस से कम कोयला भी खरीदा है। हालांकि, इसकी मात्रा काफी सीमित है।

### नवंबर में यूराल ग्रेड तेल पर छूट में 17 फीसदी की वृद्धि


नवंबर में ब्रेंट कच्चे तेल की तुलना में रूस के यूराल ग्रेड वाले कच्चे तेल पर छूट में माह-दर-माह आधार 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह औसतन 6.01 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। ईएसपीओ ग्रेड पर छूट में 15 प्रतिशत की भारी कमी आई और यह औसतन 3.88 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर कारोबार कर रहा था, जबकि सोकोल मिश्रण पर यह दो प्रतिशत घटकर 6.65 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### जीवाश्म ईंधन खरीदारों में तीसरे स्थान पर

सभी जीवाश्म ईंधनों को एक साथ लिया जाए, तो भारत नवंबर में रूसी जीवाश्म ईंधन के सबसे बड़े खरीदारों की सूची में तीसरे स्थान पर आ गया। रूस की पांच शीर्ष आयातकों से मासिक आमदनी में भारत का योगदान 17 प्रतिशत रहा।

# सुची सेमीकॉन ने केंद्र के प्रोत्साहन के बिना शुरू किया चिप संयंत्र

एजेंसी ⏭ सूरत



■ कंपनी तीन साल में 10 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी

गुजरात स्थित सुची सेमीकॉन ने केंद्र के प्रोत्साहन के बिना सेमीकंडक्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी की योजना तीन साल में 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की है। सुची समूह के चेयरमैन और सुची सेमीकॉन के संस्थापक अशोक मेहता ने यह जानकारी दी है।

मेहता ने कहा कि हालांकि कंपनी ने एसपीईसीएस (इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और सेमीकंडक्टर के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना) और भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत केंद्र के प्रोत्साहन के लिए आवेदन किया है, लेकिन वह प्रोत्साहन के लिए उत्पादन को रोकना नहीं चाहती है। मेहता ने कहा, ''हमारे पास एक पूरी तरह तैयार कारोबारी योजना है। हमारी कारोबारी योजना मुख्य रूप से प्रोत्साहन के लिए नहीं है। हमने कारोबार करने के लिए एक संयंत्र स्थापित किया है। हमने तीन साल में 10 करोड़ डॉलर (लगभग 840 करोड़ रुपये) के निवेश की योजना बनाई है। मेहता ने कहा कि राज्य सरकार ने संयंत्र के लिए 20 प्रतिशत प्रोत्साहन को मंजूरी दी है। मेहता ने कहा, ''कोविड के समय जब सेमीकंडक्टर की कमी थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकट को अवसर में बदलने को कहा था। हमने उस समय सेमीकंडक्टर कारोबार में उतरने का मन बनाया था।

### अधिकांश उत्पादन विदेशी ग्राहकों के लिए होगा

मेहता कपड़ा कंपनी सुची इंडस्ट्रीज के संस्थापक भी हैं। मेहता ने कहा, ''हमारे पास पहले से ही ऐसे ग्राहक हैं जिन्होंने अपनी आवश्यकताएं रखी हैं। हमारा अधिकांश उत्पादन विदेशी ग्राहकों के लिए होगा। हमने कुछ समय पहले परीक्षण उत्पादन शुरू किया है और हमारे कलपुर्जों का ग्राहकों द्वारा परीक्षण किया जा रहा है।''

# हिंदुजा के जनवरी अंत तक रिलायंस कैपिटल अधिग्रहण की उम्मीद

हिंदुजा समूह का लक्ष्य पांच साल में बैंकिंग कारोबार तीन गुना करने का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल को कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आर-कैप) का अधिग्रहण अगले महीने तक पूरा होने की उम्मीद है। उसका लक्ष्य अगले पांच साल में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) कारोबार को तीन गुना से अधिक बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का है। आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक पी हिंदुजा ने कहा, "रिलायंस कैपिटल की समाधान प्रक्रिया से संबंधित अधिकांश स्वीकृतियां और प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं। प्रशासक और सीओसी की ओर से कुछ प्रक्रियाएं पूरी होनी बाकी हैं। उम्मीद है कि ये सभी अगले चार से छह सप्ताह में पूरी हो जाएंगी और जनवरी के अंत तक आर-कैप हिंदुजा समूह के अधीन आ जाएगी।




*एनसीएलटी ने समाधान योजना जनवरी 2025 तक बढ़ाई : राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने 27 फरवरी, 2024 को आईआईएचएल की समाधान योजना को मंजूरी दे दी और लेनदेन पूरा करने की समय सीमा 31 जनवरी, 2025 तक बढ़ा दी।*

## कोल इंडिया का सीएसआर व्यय 5,570 करोड़ के पार



**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने पिछले एक दशक में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों पर 5,570 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। कोल इंडिया के चेयरमैन पी एम प्रसाद ने कहा कि रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, खेल और महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। रविवार को तीसरे सीआईएल सीएसआर सम्मेलन 2024 का उद्घाटन करते हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में एसएसआर पहलों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कैंसर रोगियों की मदद करने के लिए सीआईएल के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान करती है।


# एनबीसीसी का एक लाख करोड़ रुपए के ऑर्डर बुक का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी लिमिटेड ने मौजूदा 84,400 करोड़ रुपये के एकीकृत ऑर्डर बुक को बढ़ाकर अगले साल मार्च तक एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी), इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) और रियल एस्टेट कारोबार में शामिल है और पूरे भारत में कारोबार का विस्तार करना चाहती है। एनबीसीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पी महादेवस्वामी ने निवेशकों से कहा, ''एनबीसीसी के पास करीब 84,000 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक है। हम चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसे बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

# थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ फेड के ब्याज दर पर निर्णय की भूमिका होगी महत्वपूर्ण

■ निवेशकों की निगाह वैश्विक रुझान पर बनी रहेगी

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा आगे के संकेतकों के लिए निवेशक वैश्विक रुझान पर निगाह रखेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, भारतीय शेयर बाजार का भविष्य का रुख वैश्विक और घरेलू कारकों पर निर्भर करेगा। वैश्विक रुझान, विशेष रूप से अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन और फेडरल रिजर्व का नीतिगत निर्णय, इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार की धारणा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

गौड़ ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी बाजार भागीदारों की निगाह रहेगी।

### बाजार की निगाह फेड की बैठक पर होगी

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह बाजार की निगाह अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक पर रहेगी। फेडरल रिजर्व प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा, बाजार इस बात को पहले ही मानकर चल रहा है। भविष्य में नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक की टिप्पणी भी महत्वपूर्ण होगी।'

## एयरलाइन कंपनियां कीमतें तय नहीं करती

**जिनेवा।** आईएटीए की मुख्य अर्थशास्त्री मैरी ओवेन्स थॉमसन ने कहा है कि एयरलाइन कंपनियां कीमतें तय नहीं करती हैं, क्योंकि वे जो कीमत चुकाती हैं, उसपर उनका कोई बस नहीं होता। थॉमसन ने इस बात का जिक्र भी किया कि एयरलाइंस के लिए कम लाभ मार्जिन और कमजोर बही-खातों के कारण राजस्व में विविधता लाने की जरूरत एक जटिल मुद्दा है।

## शीर्ष दस में पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एलआईसी, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रागातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

क्रिकेट : बुमराह ने 25 ओवर में 72 रन देकर चटकाए पांच विकेट

# स्मिथ का 33वां टेस्ट शतक, हेड की तूफानी सेंचुरी से ऑस्ट्रेलिया 400 पार

एजेंसी ⏭ ब्रिस्बेन



शानदार लय में चल रहे ट्रेविस हेड (152) और दिग्गज स्मिथ स्मिथ (101) ने शतकीय पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 241 रन की साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में रविवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट पर 405 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। जसप्रीत बुमराह ने गेंद से कमाल करना जारी रखते हुए 25 ओवर में 72 रन देकर पांच विकेट लिए। दिन का खेल खत्म होते समय एलेक्स कैरी 45 और मिचेल स्टार्क सात रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे।

श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे आकाश दीप ने भी अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। नीतिश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज को एक विकेट मिला। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआती सत्र में प्रभावी प्रदर्शन किए लेकिन हेड के क्रीज पर आने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र में बिना विकेट गंवाए 27 ओवर में 130 रन जोड़ कर वापसी की। चाय के विश्राम के बाद हेड और स्मिथ ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन जुटाए।

### 26 पारी में जड़ा पहला सैकड़ा

स्मिथ ने पारी के 82वें ओवर में आकाश दीप के खिलाफ चौका लगाने के बाद एक रन दौड़कर पिछली 26 पारियों में अपना पहला सैकड़ा पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके जड़े। स्मिथ के टेस्ट करियर का यह 33वां शतक है। वह स्टीव वॉ (32) को पीछे छोड़कर रिकी पोंटिंग (41) के बाद ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

### हेड ने भारतीय गेंदबाजों को छकाया



स्मिथ भले ही आउट हो गए, लेकिन दूसरे छोर से हेड भारतीय गेंदबाजों को परेशान करते रहे। हेड भारत के लिए अब तक एक अनसुलझी पहेली रहे हैं। उनकी भारतीय टीम के खिलाफ पिछली सात पारियां इस प्रकार हैं- 152 (160), 140 रन (141 गेंद), 89 रन (101 गेंद), 11 रन (13 गेंद), 18 रन (27 गेंद), 163 रन (174 गेंद), 90 रन (163 गेंद)। वहीं, गाबा में इस टेस्ट से पहले अपनी पिछली तीन पारियों में वह खाता नहीं खोल सके थे। अब सीधे शतक लगाया है।



### बुमराह ने 12वीं बार किए 5 शिकार

बुमराह ने रोहित के हाथों कैच कराकर स्मिथ की 190 गेंद की पारी को खत्म किया। उन्होंने इसके बाद मिचेल मार्श को पवेलियन की राह दिखाने के बाद हेड को आउट कर टेस्ट में 12वीं बार पारी में पांच विकेट पूरे किए।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ख्वाजा का पंत बो बुमराह | 21 | 54 | 3 | 0 |
| मैकस्वीनी का कोहली बो बुमराह | 09 | 49 | 1 | 0 |
| लाबुशेन का कोहली बो रेड्डी | 12 | 55 | 0 | 0 |
| स्मिथ का रोहित बो बुमराह | 101 | 190 | 12 | 0 |
| ट्रेविस हेड का पंत बो बुमराह | 152 | 160 | 18 | 0 |
| मार्श का कोहली बो बुमराह | 05 | 16 | 0 | 0 |
| एलेक्स कैरी नाबाद | 45 | 47 | 5 | 1 |
| पैट कमिंस का पंत बो सिराज | 20 | 33 | 1 | 0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 07 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 33, कुल : 101 ओवर में 405/7गेंदबाजी : बुमराह 25-7-72-5, सिराज 22.2-4-97-1, आकाश दीप 24.4-5-78-0, रेड्डी 13-1-65-1, जडेजा 16-2-76-0.

## रित्विक ने जीता पहला सुपर 100 खिताब



**कटक।** भारत के रित्विक संजीव सतीश कुमार ने रविवार को यहां ओडिशा मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में हमवतन थारुन मान्नेपल्ली को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 बैडमिंटन खिताब जीता। पिछले महीने तेलंगाना इंटरनेशनल चैलेंज जीतने वाले और फरवरी में श्रीलंका इंटरनेशनल चैलेंज में उपविजेता रहे 21 वर्षीय रित्विक ने सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के उपविजेता थारुन को 43 मिनट में 21-18, 21-16 से हराया। महिला एकल फाइनल में 15 वर्षीय तन्वी शर्मा को चीन की क्वालीफायर काइ यान यान के खिलाफ सिर्फ 35 मिनट में 14-21, 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## देहली खालसा वारियर्स ने जीती 16वीं सिक्ख लीग प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

16वीं सिक्ख लीग प्रीमियर क्रिकेट टूर्नामेंट देहली खालसा वारियर्स ने चंडीगढ़ सिंग्स को 34 रनों से हराकर जीत ली है। देहली के प्रभजोत सिंग की घातक गेंदबाजी के आगे चंडीगढ़ के बल्लेबाज टिक नहीं पाए जब उन्होने 22 रन देकर 5 खिलाड़ियों को आउट किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हे मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी बलदेव सिंह भाटिया ने विनर व सब विनर टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी व नगद पुरस्कार प्रदान किया। रविवार को डब्लूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल मैच में देहली खालसा वारियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी और 20 ओवर में 156 रनों का एक अच्छा स्कोर खड़ा किया। चंडीगढ़ सिंग्स की पूरी टीम 19.1 ओवर में 120 रन बनाकर आल आउट हो गई। योजन समिति के प्रमुख मुखी त्रिलोचन सिंग काले ने बताया कि विनर टीम को 51 हजार व सब विनर टीम को 31 हजार का आकर्षक नगद इनाम व ट्राफी प्रदान की गई।

## मुंबई बनी घरेलू टी-20 चैंपियन, जीती सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी



**बेंगलुरु।** मुंबई ने फाइनल में मध्यप्रदेश को हराते हुए दूसरी बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी अपने नाम की। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में बीसीसीआई ने घरेलू टी-20 ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्यप्रदेश ने आठ विकेट खोकर 174 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई ने 13 गेंद पहले ही पांच विकेट खोकर 180 रन बनाते हुए खिताबी मुकाबला अपना नाम किया।

## भारत ने वेस्टइंडीज को 49 रन से हराया

**नवी मुंबई।** जेमिमा रोड्रिग्स (73 रन) और स्मृति मंधाना (54 रन) के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने रविवार को यहां पहले मैच में वेस्टइंडीज को 49 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने चार विकेट पर 195 रन बनाकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाकर 49 रन से हार गई।



उसके लिए डायंड्रा डोटिन की 52 रन की अर्धशतकीय पारी भी काम नहीं आ सकी। उनके अलावा कियाना जोसफ ने 49 रन बनाए।








# भारत के सबसे लंबे रेलवे रूट, नजारे देख दिल हो जाएगा गदगद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में कनेक्टिविटी की बात करें तो इंडियन रेलवे अपने इस काम में अहम योगदान निभाता है। रेलवे का विशाल नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है। भारतीय रेलवे अपने खूबसूरत ट्रैक के लिए अपनी एक अलग पहचान रखती है। रेल से रोजाना करोड़ों लोग अपना सफर करते हैं। आज हम आपको ऐसे रेलवे रूट के बारे में बताएंगे जो सबसे लंबे होने के साथ-साथ बेहद खूबसूरत भी हैं।

## सिलचर से तिरुवनंतपुरम



ये भारत का दूसरा सबसे लंबा रेलवे रूट है। सिलचर से तिरुवनंतपुरम तक इस रेलवे रूट की कुल दूरी लगभग 3915 किलोमीटर है। इस रूट पर आपको शानदार प्राकृतिक ब्यूटी के नजारे देखने को मिलेंगे।

## डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी

भारत का सबसे लंबा रेलवे रूट डिब्रूगढ़ से कन्याकुमारी तक फैला है। इस रूट पर भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन विवेक एक्सप्रेस चलाई जाती है। जो कुल 4154 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

## मैंगलोर से जम्मू

देश का पांचवा सबसे लंबा रेलवे रूट मैंगलोर से जम्मू का है। जिस पर नवयुग एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाती है। इस रूट की कुल लंबाई 3607 किलोमीटर है। लगभग 68 घंटे का ये सफर आपको हमेशा याद रहेगा।

## जम्मू तवी से कन्याकुमारी



जम्मू तवी से कन्याकुमारी तक यह देश का तीसरा सबसे लंबा रेलवे रूट है। जिस पर हिमसागर एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाती है। जो कि एक साप्ताहिक ट्रेन है। 12 राज्यों के गुजरने वाला ये रेलमार्ग आपको शानदार नजारे दिखाता है।

## तिरुनेलवेली जंक्शन से वैष्णो देवी कटरा

भारत का चौथा सबसे लंबा रेलवे रूट कुल 3631 किलोमीटर लंबा है। तिरुनेलवेली जंक्शन से इस रेलवे रूट पर आप जम्मू एक्सप्रेस से सफर कर सकते हैं। 70 घंटे से ज्यादा का ये सफर आपको बहुत से खूबसूरत नजारे दिखाता है।

त्योहार

क्रिसमस से जुड़ी अजीबो-गरीब परंपराएं

# छुपाते हैं झाड़ू, सजते हैं भालू-बकरी की तरह

**नई दिल्ली।** क्रिसमस ईसाइयों का सबसे खास त्योहार है, जिसकी लोकप्रियता दुनियाभर में फैली हुई है। यह पर्व ईसा मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दौरान सैंटा आकर बच्चों को तोहफे बांटते हैं। आम तौर पर लोग क्रिसमस के दिन क्रिसमस ट्री सजाते हैं, प्रार्थना करते हैं और पार्टी करते हैं। हालांकि, दुनियाभर में इस त्योहार से जुड़ी कई विचित्र और अजीबो-गरीब परंपराएं निभाई जाती हैं। इनके बारे में जानकार आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे।

## नॉर्वे : झाड़ू को छिपाना

नॉर्वे में क्रिसमस के दौरान एक विचित्र परंपरा निभाई जाती है, जो सुनने में अजीब लगती है। इस त्योहार की पूर्व संध्या पर लोग सोने से पहले अपने घरों के सारे झाड़ू छिपा देते हैं। इस परंपरा के पीछे एक पौराणिक कहानी छिपी हुई है। यहां के लोगों का मानना है कि इस दिन झाड़ू न छिपाने से चुड़ैलें और शरारती आत्माएं उन्हें चुराकर ले जाती हैं।

## रोमानिया : बकरी और भालू की तरह तैयार होना

रोमानिया में एक सदियों पुरानी परंपरा चली आ रही है, जिसमें क्रिसमस के दिन भालू की तरह तैयार होना शामिल होता है। नवयुवक भालू की वेशभूषा पहनते हैं और एक खास नृत्य करते हैं, जिसमें नए साल के प्रतीक के रूप में भालू की मृत्यु और पुनर्जन्म को दर्शाया जाता है। इसके अलावा, क्रिसमस की शाम को एक आदमी रंग-बिरंगी बकरी वाली वेशभूषा में तैयार होता है और नाचते-कूदते हुए लोगों को डराने का प्रयास करता है।



## जर्मनी : जूतों में कैंडी भरना

दुनियाभर के बच्चे यह बात मानते हैं कि क्रिसमस पर सैंटा उन्हें तोहफे देते हैं। इसी आस के साथ जर्मनी में एक अनोखी परंपरा निभाई जाती है। दरअसल, 5 दिसंबर की रात को सभी बच्चे अपने घर के बाहर अपने जूते रखते हैं। अगर वे साल भर अच्छा बरताव करते हैं, तो सुबह उनके जूते कैंडी से भरे हुए मिलते हैं। हालांकि, अगर वे बुरा बरताव करते हैं तो, सैंटा जूते में एक सूखी लकड़ी रख देते हैं।

## जापान : केंटकी फ्राइड चिकन खाना

आम तौर पर क्रिसमस के दिन पल्म केक, टर्की और कैंडी जैसे व्यंजन खाए जाते हैं। हालांकि, जापान के लोग इस त्योहार पर केएफसी खाने की परंपरा निभाते हैं। केंटकी फ्राइड चिकन एक फास्ट फूड कंपनी है, जो तला हुआ चिकन बेचती है। क्रिसमस के दिन जापानी लोग केएफसी आउटलेट के बाहर कतार में खड़े होते हैं और अपनी बारी का इंतजार करते हैं। कंपनी के मैस्कॉट कर्नल सैंडर्स की मूर्तियों को सैंटा के अवतार में सजाया जाता है।

## स्पेन : लकड़ी को पॉटी करवाना



स्पेन के कैटेलोनिया क्षेत्र के लोग क्रिसमस से पहले लकड़ी का एक लंबा टुकड़ा लाकर उसमें कैंडी, फल और मेवे भरते हैं। क्रिसमस की शाम को पूरा परिवार मिलकर इस लकड़ी को पीटता है, जब तक उससे सारा खाना बाहर न आ जाए। वे लकड़ी को पॉटी कराने की रस्म निभाते हैं और घर को पॉटी करती हुई मूर्तियों से सजाते हैं। इस दौरान वे गाना गाते हैं, 'अगर तुम पॉटी नहीं करोगे, तो हम तुम्हें छड़ी से मारेंगे।'

# 450 साल पुराना अनोखा पेड़, जिसके अंदर छिपा करते थे 40 लुटेरे, आज है टूरिस्ट प्लेस

**नई दिल्ली।** घूमने-फिरने के शौकीन लोग नई-नई और अनोखी जगह की तलाश में रहते हैं। ऐसे में हम आपको बताएंगे एक अनोखे पेड़ के बारे में जो ना केवल 450 साल पुराना है बल्कि इस पेड़ के अंदर 40 लोग बड़े ही आराम से रह भी सकते हैं। एक वक्त में इस पेड़ के अंदर लुटेरे छिपा करते थे। हम बात कर रहे हैं हैदराबाद के एक बेहद ही प्राचीन पेड़ के बारे में जो 450 साल से सीधा खड़ा हुआ है। घुमक्कड़ लोगों के घूमने के लिए एक ऐसी जगह है जहां जाकरो आपको अनूठा अनुभव होगा।

**हटियान झाड़ बाओबाब पेड़ :** इस अनोखे पेड़ को हटियान झाड़ बाओबाब पेड़ के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि 15वीं शताब्दी के दौरान अरब व्यापारियों ने इस पेड़ की प्रजाति को अफ्रीका से भारत लाया था। इस पेड़ को हैदराबाद में गोलकोंडा किला के गोल्फ क्लब में लगाया गया।

# रेगिस्तान में बर्फबारी

## अल्लाह का कहर या जलवायु परिवर्तन के संकेत?

**रियाद।** सऊदी अरब के अल जौफ क्षेत्र में कुछ महीने पहले भारी बारिश हुई और ओले भी गिरे। इससे यहां मौसम बदलाऔर बर्फ की चादर बिछ गई। मौसम का ये बदलाव लोगों को अच्छा लगता है लेकिन जलवायु विशेषज्ञ इसे चेतावनी मान रहे हैं। अल जौफ में बसंत के मौसम में अच्छी चीजें देखने को मिल सकती हैं लेकिन फिलहाल एक्सपर्ट को लगता है कि जलवायु परिवर्तन के संकेत साफ दिख रहे हैं। एक्सपर्ट ने इसको लेकर कई चिंताएं जताई हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अल-जौफ अपने सामान्य मौसम, भूजल और उपजाऊ मिट्टी के लिए जाना जाता है। इसे सऊदी का अन्न भंडार कहते हैं क्योंकि यहां से बड़ी मात्रा में गेहूं और जैतून का तेल मिलता है। सऊदी अरब का ज्यादातर हिस्सा रेगिस्तान और रेत के टीलों से भरा है लेकिन उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में समुद्र तल से 2,600 मीटर ऊपर स्थित तबुक में हर साल बर्फबारी होती है।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
डॉ. योगेश धाबड़े
एम बी बी एस, एमडी मेडिसिन
उपलब्ध सुविधाएं
• मधुमेह • हृदय रोग • वात रोग
• गुर्दे की बीमारी • थायरॉइड रोग
• फेफड़ों संबंधित बीमारियाँ • आई सी यू
• कोविड और कोविड के पश्चात की जटिलताएं
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.)
मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.)
मो. 8370008558
#Rajesh

कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुन:निर्माण (जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!
असहनीय जोड़ो का दर्द
स्वर्ण भस्म से युक्त होनें से असरकारक।
› पुराने से पुराना जोड़ो का दर्द
› कमर दर्द, घुटनों का दर्द
› मांसपेशियों का अकड़ना
› मोच आदि दूर करने में सहायक।
रुमार्थो गोल्ड+ कॅप्सूल
शुद्ध स्वर्ण भस्म से निर्मित
वातरोगचार के लिये।
रूमा ऑईल
तुरन्त आराम दिलानें में सहायक।

श्री राहूल बंग, भिलाई
प्र. मेरी उम्र 55 वर्ष है। मुझे 20 दिन पहले बुखार आया था। उसके बाद हाथ पैरों के जोड़ो में जकड़न व दर्द हुवा। बुखार ठीक हो गया लेकिन शरीर के जोड़ों में दर्द बहुत है, कमजोरी भी है। कृपया उपाय बताएं।
उ. इन दिनों अधिकतर लोगों में बुखार के साथ जोड़ों में दर्द चिकनगुनिया के लक्षणों के साथ मिल रहा है। दर्द की अनेक दवाइंया लेने के बाद भी रोगी को दर्द कम नही होता है। ऐसे में **बैद्यनाथ रुमार्थो गोल्ड प्लस कॅप्सूल** 1–1 कॅप्सूल सुबह–सांय भोजन बाद पानी से लेना चाहिए। अथवा **बैद्यनाथ योगराज गुग्गुल** भी दर्द के लिए उपयुक्त दवां है। इसका सेवन 1–1 टॅबलेट सुबह शाम पानी के साथ कर सकते है। जिसके सेवन से जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है। अशक्तता दूर करने के लिए **बैद्यनाथ च्यवनप्राश स्पेशल** 1–1 चम्मच सुबह शाम दुध के साथ ले सकते है। कुछ दिन के सेवन से काफी राहत मिलती है।

श्री महेन्द्र कुमार, भोपाल
प्र. मुझे 5 साल से डायबिटीज है। आँखें के सामने अंधेरा छा जाता है व दिनभर के काम से रात में अत्याधिक थकान महसूस करता हूँ।
उ. **बैद्यनाथ मधुमेहारी ग्रॅन्यूल्स** 2–2 चम्मच पानी के साथ दिन में दो बार भोजन के 15 मिनीट पूर्व लेवें साथ ही **बैद्यनाथ च्यवनप्राश शुगर फ्री (च्यवनप्राश)** का सेवन काफी लाभदायक होता है। कमजोरी होने पर बैद्यनाथ वसंतकुसुमाकर रस 1–1 टॅबलेट दिन में दो बार भोजनबाद पानी के साथ लेवें।

श्री शरद जयस्वाल, बिलासपुर
प्र. मुझे चार साल से बवासीर की तकलीफ है। शौच के जगह खुजली चलती है व दर्द बहुत होता है। शौचाद्वारा रक्त गिरता है।
उ. **बैद्यनाथ सिद्धपाईल्स** 2–2 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ लेवें। **बैद्यनाथ अभयामृत** 2–2 चम्मच समभाग पानी के साथ दिन में दो बार भोजनबाद लेवें।


वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य
बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 844 844 4935 I www.baidyanath.co

BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
के कैंसर सर्जन्स द्वारा ओपीडी सेवाएं अब डे-केयर सेंटर में भी
डॉ. अजीत अग्रवाल MS, MCh सोमवार : सायं 4 से 6 बजे तक
डॉ. श्रवण नाडकर्णी MS, FMAS, MCh मंगल : सायं 4 से 6 बजे तक
डॉ. मऊ रॉय MS, MCh बुधवार : सायं 4 से 6 बजे तक
डॉ. दीपांजन बिस्वास MS, MCh गुरूवार : सायं 4 से 6 बजे तक
डॉ. रश्मी राय MDS, FIBCSOMS शुक्रवार : सायं 4 से 6 बजे तक
डॉ. इशिता कत्याल MS, Mch, DrNB सोम, बुध, शुक्र, दोपहर 2 से 5 बजे तक
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करे 8282823333
बीएमसी कैंसर डेकेयर- 1st फ्लोर, गंगा डायग्नोस्टिक्स, कलर्स मॉल के पास, धमतरी रोड ,रायपुर (छ.ग.) 8282824444
छत्तीसगढ़ शासन, डॉ.खूबचंद बघेल योजना, आयुष्मान भारत, BSKY C.G.H.S. एवं सभी प्रमुख PSUs-Coal India (SECL), SAIL, SECR, CRPF ESIC, ECHS, NTPC, NMDC व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित

संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर के अत्याधुनिक इलाज, कीमोथेरपी, इम्यूनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं पैलिएटिव केयर हेतु कुशल टीम
डॉ विकास गोयल MBBS, MD, DM रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ
डॉ अनिकेत ठोके MD, DNB, ECMO कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरपी विशेषज्ञ
डॉ राकेश मिश्रा MBBS, MD, DM कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरपी विशेषज्ञ
डॉ अविनाश तिवारी MBBS, MD पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए
पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389904010, 738995010, +91 7714081010, 4061010

आयुष्मान भारत योजना से इलाज
मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
कीमोथेरेपी | कैंसर सर्जरी | रेडियोथेरेपी
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी फोन: 9343079151, 91313 99570
भिलाई: सी.आई. मॉल के पास फोन: 7722880844, 0788-2294440
रायगढ़: मित्तल एपेक्स कैंसर यूनिट एपेक्स हॉस्पिटल, रायगढ़ फोन: 7880158717, 93291 42501
द्वारा अनुबंधित
ESIC RAILWAYS SECL CGHS TPA
Deepak Advts.




AUTHORIZED NISSAN DEALERS: CHHATTISGARH: RAIPUR: OPPOSITE MAGNETO MALL: SHIVA NISSAN- 9167298723, BILASPUR: SHIVA NISSAN- 9167196314, MADHYA PRADESH: BHOPAL: SOHUM NISSAN- 8291060887, CHHINDWARA: SHREE KRISHNA NISSAN- 8291046174, GWALIOR: SHIVPURI LINK ROAD: SUMEDHA NISSAN- 9619894841, INDORE: GEETA BHAWAN SQUARE: ANAND NISSAN- 8291045843, JABALPUR: NEAR COMMERCIAL PETROL PUMP: PLATINUM NISSAN- 8291040124.

*Terms & conditions apply. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours are indicative only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. **The scheme is applicable on vehicles invoiced on or before 31st Dec 2024. Please visit your nearest Nissan dealer for more information. Finance is at the sole discretion of finance partners and NRFSI. *Segment/Class refers to B-SUV models with Length <4m. Standard Warranty 3 years or 100k kms whichever comes first. PlasmaCluster® is a registered trademark of the Sharp Corporation. Offer applicable on New Nissan Magnite only and customer needs to provide certificate of deposit. TBWA\34701124 NISSAN FINANCE

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com